
# रोजी-रोटी की जुगाड़ में लोग बाहर निकले और एकल परिवार को मिला बढ़ावा

## पिछले कुछ दशकों से संयुक्त परिवार एकल परिवार के रूप में देखा जाने लगा है




**मनोज मिश्रा**

**रांची।** महा उपनिषद नामक ग्रंथ में भारतीय संस्कृति की मूल विचारधारा का वर्णन करते हुए बताया गया है "वसुधैव कुटुंबकम" जिसका अर्थ है दुनिया एक परिवार है। इसके पीछे का संदेश बड़ा है जिसकी व्याख्या कई स्तरों पर की जा सकती है और हर व्याख्या मार्मिकता की ओर ले जाती है। सदियों से भारत ने इसे सांस्कृतिक विरासत की धरोहर के रूप में संरक्षित रखा है। वहीं विश्व में पहली बार 15 मई को विश्व परिवार दिवस मनाने की परंपरा 1994 से चल रही है। हालांकि इस दिन की नींव 1989 में ही रख दी गई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने जीवन में परिवार के महत्व को बताने के उद्देश्य से 9 दिसंबर 1989 के 44/82 के प्रस्ताव में हर साल विश्व परिवार दिवस मनाने की घोषणा की थी। बाद में साल 1993 में यूएन जनरल असेंबली ने एक संकल्प में परिवार दिवस के लिए 15 मई की तारीख तय कर दी थी। विश्व परिवार दिवस मनाने की शुरुआत करने के पीछे की वजह दुनियाभर के लोगों को परिवार से जोड़े रखना और परिवार से जुड़े मुद्दों पर समाज में जागरूकता फैलाना था। हर साल इस दिन को मनाकर युवाओं को परिवार की अहमियत के बारे में बताया जाता है। वहीं कोरोना काल में पूरे विश्व के परिवार के लोग एक दूसरे के और करीब आए उन्हें एक दूसरे संग अधिक वक्त बिताने को भी मिला। दुनिया के हर देश में परिवार होता है, जिसमें माता-पिता, पति-पत्नी, बच्चे और कई रिश्ते जुड़े होते हैं। हर शख्स के लिए परिवार अहम भूमिका निभाता है। अमीर हो या गरीब, अपराधी हो या कोई अधिकारी परिवार तो हर किसी के जीवन का एक जरूरी हिस्सा है। परिवार की इसी भूमिका को सेलिब्रेट करने के लिए हर साल 15 मई को विश्व परिवार दिवस मनाया जाता है। सशक्त देश के निर्माण में परिवार अभूतपूर्व संस्था के रूप में काम करती है, जो व्यक्ति के विकास के साथ ही समाज के विकास में योगदान देता है। भारत जैसे देश में रिश्ते-परिवार को बहुत ही सम्मान दिया जाता है। ऐसे में लोग अपने परिवार के साथ यह दिन यादगार तरीके से मनाते हैं।

## क्या खुश हैं लोग एकल परिवार से राष्ट्रीय नवीन मेल संवददाता ने कुछ बजुर्गों से बात की

### संयुक्त परिवार में संस्कार देना नहीं पड़ता था : राजीव रंजन



एक सफल व्यवसायी रहे राजीव रंजन सहाय ने कहा कि संयुक्त परिवार में संस्कार देना नहीं पड़ता था बल्कि एक दूसरे को देखकर संस्कार स्वत: बन जाता था। वहीं एकल परिवार में संस्कार देने का प्रयास किया जाता है।जो स्वत: निर्मित होता हैं। वह ज्यादा प्रभावी होता है और वह मूल तक जाता है।

### आगे बढ़ने की होड़ में संस्कारों की बलि नहीं देनी चाहिए : सुशीला गुप्ता



डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल लालपुर की चेयरमैन सुशीला गुप्ता ने कहा कि संयुक्त परिवार के एकल परिवार में बदलने का कारण है कि बच्चे बाहर जाते हैं, बाहर बड़ी नौकरी मिलती है पैसा और ऐशो आराम मिलता है। बहुत बार तो होता है कि जनरेशन गैप होता है विचार नहीं मिलते। विचारों का टकराव होता है और लोग एकल परिवार बसा लेते हैं। इसमें वृद्धों को भी अपने को बदलना चाहिए। बहु-बेटा के हिसाब से चलने का प्रयास करना चाहिए, उन्हें समझना चाहिए कि अब उनका समय नहीं है। सबको आगे बढ़ने का अरमान होता है लेकिन बच्चों को आगे बढ़ने की होड़ में संस्कारों की बलि नहीं देनी चाहिए। अपने उपर संयम रखना चाहिए। परिवार के बनने और बिखरने में लड़कियों का बड़ा हाथ होता है लड़कियां धान का पौधा होती हैं।

### व्यवस्थाएं बदली और एकल परिवार का चलन बढ़ा : ब्रज किशोर झा



मेकॉन के सेवानिवृत पर्यावरण अभियंता ब्रज किशोर झा कहते है कि पहले परिवार खेती-बारी पर आश्रित थी और सबका जीविका अच्छे से चलता था। अनाज उपजाने के बजाय खरीदना समाज में बुरा माना जाता था, मजदूरी में अनाज मिलता था। आज व्यवस्थाएं उलट-पलट हो गई है। इसके पीछे एक साजिश भी पनपी है जो लोगों की नजर में नहीं है। जमीन और मानव संसाधन के दोहन के लिए कॉर्पोरेट्स ने प्रचार इस तरह किया गया है कि गंजे को भी कंघी बेच दे। संयुक्त परिवार टूटने में इसकी बड़ी भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है। बहरहाल आम धारणा यह है कि भारतीय संस्कृति में आज भी संयुक्त परिवार की परंपरा कायम है। यह बात अलग है कि रोजी- रोटी के जुगाड़ में लोग बाहर निकले हैं जो एकल परिवार के रूप में नजर आते हैं लेकिन गहरे में देखा जाए तो शाखा अभी तक पेड़ से अलग नहीं हुई है।

## गरीबों की बात सरकार तक पहुंचे : संतोष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




वरिष्ठ नागरिक संतोष अग्रवाल ने कहा कि बुधवार को ऑक्सीजन पार्क के सामने की सड़क से 20 फीट दूर जो खाने पीने की चीजों इडली,फल, गन्ना जूस, डाभ बेचने वाले थे वे नहीं थे। पूरा सन्नाटा था, लोगों से पूछा तो करीब आधे लोगों को पता था कि नगर निगम ने उनको वहां से हटा दिया है। ऐसे में हर तबके के लोगों से उनके विचार जानने का प्रयास किया सभी ने इसकी निंदा की। वहीं कहा कि प्रशासन सरकार तक ये बातें पहुंचाई जाए। ताकि गरीब स्वरोजगारी अपने परिवार के लिए ससम्मान रोटी जुगाड कर सके। उक्त स्थल पर सुबह से ही नगर निगम का ट्रक खड़ा था। वहीं लगातार नगर निगम की एनफोर्समेंट टीम की गाड़ी वहां से गुजरती रही।

## श्री राधा-कृष्ण मंदिर के समय में हुआ बदलाव



**रांची।** पुंदाग स्थित राधा- कृष्ण मंदिर में प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि गर्मी को देखते हुए मंदिर की समय सारणी मे थोड़ा परिवर्तन किया गया है। प्रबंधन कमेटी के आदेशानुसार सोमवार से शनिवार तक मंदिर का पट खुलने का समय प्रतिदिन प्रातः 5:30 बजे खुलेगा तथा बंद होने का समय दोपहर- 12:30 बजे रहेगा। मंदिर फिर अपराह्न- 4 बजे खुलेगा तथा रात्रि 9:00 बजे बंद हो जाएगा। तथा आरती का समय प्रतिदिन संध्या 6:30 बजे से संध्या 7:00 बजे तक रहेगा रविवार को मंदिर प्रातः 5:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक, तथा अपराह्न 3:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक खुला रहेगा। प्रत्येक रविवार को दोपहर 12:00 बजे से अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारा एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। मंदिर मे वृंदावन के पुजारी अरविंद पांडे है जो की दिन- रात भगवान श्री राधा- कृष्ण की सेवा में कार्यरत हैं।

## डॉ जया चौहान होंगी डीपीएस की अगली प्राचार्य

**रांची।** डॉ जया चौहान डीपीएस रांची की अगली प्राचार्या होंगी। वे इस माह के अंत तक पदभार ग्रहण करेंगी। दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी, नई दिल्ली ने उनकी विशिष्ट योग्यताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह कार्यभार सौंपा है। डॉ जया डीपीएस रांची में वरीय अंग्रेजी अध्यापिका के रूप में 20 वर्षों तक अपनी सेवा दे चुकी हैं। शिक्षिका के रूप में उनके प्रयासों के कारण डीपीएस एसएटी सेंटर बना। इस उपलब्धि को देखते हुए उन्हें डीपीएस राउरकेला की प्राचार्या के रूप में नियुक्त किया गया था। अब वे डीपीएस रांची में प्राचार्या के रूप में दूसरी पारी शुरू करेंगी।



## पोस्टिंग के नाम पर पैसे मांगने वालों से रहें सावधान, हिदायत जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के स्कूल टीचरों के प्रमोशन के बाद पोस्टिंग के नाम पर पैसे मांगने वालों से सावधान रहने की हिदायत दी गयी है। रांची के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले टीचरों को ग्रेड-4 में प्रमोशन मिलने वाला है। ये प्रोसेस अभी चल रहा है और सब कुछ नियम के हिसाब से हो रहा है। इसी बीच खबर मिल रही है कि कुछ फर्जी लोग ऑफिस का नाम लेकर टीचरों से मनचाही पोस्टिंग दिलाने के नाम पर पैसे मांग रहे हैं। जिला शिक्षा अधीक्षक ने साफ कहा है कि कोई भी टीचर अगर पोस्टिंग के बदले पैसे देता या लेता है, तो दोनों पर सख्त कार्रवाई होगी। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा है कि शिकायत करने वाले का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा। साथ ही हिदायत दी है कि किसी भी दलाल के झांसे में ना आएं, प्रमोशन और पोस्टिंग पूरी तरह नियम से होगी।

**ऐसे लोगों की जानकारी मिले तो इसपर करें तुरंत शिकायत**

1. जिला शिक्षा अधीक्षक रांची – 8409636008
2. अबुआ साथी हेल्पलाइन – 9430328080

## चार स्पेशल ट्रेनों में रेलवे प्रशासन ने की कोच संख्या में वृद्धि

**रांची।** यात्रियों की सुविधा के लिए बुधवार को रांची रेलमंडल ने चार स्पेशल ट्रेनों में कोच संख्या में वृद्धि करने की घोषणा की। इसके तहत चर्लपल्ली-रक्सौल स्पेशल ट्रेन वाया रांची में 17 मई से 28 जून तक द्वितीय श्रेणी के स्लीपर का एक अतिरिक्त कोच लगेगा। रक्सौल-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन में 20 मई से एक जुलाई, ट्रेन संख्या 07005 चर्लपल्ली-रक्सौल स्पेशल ट्रेन में 19 मई से 30 जून तक, ट्रेन संख्या 07006 रक्सौल-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन वाया रांची में 22 मई से तीन जुलाई तक एसी थ्री टियर का एक और एसी टू टियर का एक अतिरिक्त कोच जोड़ा जाएगा।

## कलकत्ता पब्लिक स्कूल के छात्रों को मिली शत-प्रतिशत सफलता




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में ओरमांझी स्थित कलकत्ता पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 12वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित छात्रों में स्कूल टॉपर कृतिका सिंह रही, जिन्हें 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। द्वितीय स्थान पर 90 प्रतिशत अंक के साथ सोनाक्षी गुप्ता तथा तृतीय स्थान पर 87 प्रतिशत अंक के साथ उन्नति सिंह रहीं।
10वीं बोर्ड परीक्षा में स्कूल टॉपर वैभवी झा रही, जिन्हे 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए, जबकि 92 प्रतिशत अंक के साथ अंजला नाजिर दूसरे स्थान पर रही तथा 87 प्रतिशत अंक के साथ निशांत कुमार शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
12वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित सभी 62 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में सफलता हासिल की, वहीं 10 वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल सभी 75 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सफल हुए।
विद्यालय के टॉपर सहित सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय समूह के उपाध्यक्ष प्रभाष कुमार झा, प्राचार्या प्रियम्दा झा सहित समस्त शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

## भारत को विश्व विजेता बनाने के लिए श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भारत के विजय संकल्प व विश्व विजेता होने की कामनाओं को पूर्ण होने के निमित्त बुधवार से पिस्का मोड़ जतरा टांड़ रोड में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा 20मई तक चलेगा और 21 मई को भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अतुल द्विवेदी भगवान श्री कृष्ण के जीवन दर्शन का चित्रण व व्याख्या करेंगे। मुख्य जजमान संजीव कुमार सिंह उर्फ चुन्नू सिंह ने बताया कि राष्ट्र और समाज हित में यह आयोजन किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की अनहोनी या दुर्घटना को टालने और उसपर विजय प्राप्त करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है।
राष्ट्र धर्म रक्षा मंच के अध्यक्ष अमृतेश पाठक ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण सिर्फ शांति के लिए नहीं वल्कि दुष्टों के संहार के लिए मानसिक और सामरिक रूप से तैयार करने वाले एकमात्र ईश्वर है। राष्ट्र और धर्म की रक्षा का संदेश व संकल्प श्रीमद्भागवत कथा से प्राप्त होता है। वर्तमान में इसकी जरूरत ज्यादा है। बुधवार सुबह कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।
आज के कलश यात्रा में कथावाचक पंडित अतुल द्विवेदी मुख्य यजमान संजीव कुमार सिंह, राष्ट्र धर्म रक्षा मंच के अध्यक्ष अमृतेश पाठक, बीरेन्द्र प्रसाद, महेश पंडित,मनमोहन पांडेय, नीतू सिंह, कृष्णा पांडे, गौरव जायसवाल, विजय पांडेय समेत कई अन्य लोग शामिल हुए।



# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में आवासीय समर कैंप का हुआ शानदार शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में आवासीय समर कैंप 2025 'एक्स्ट्रावैगेंजा' का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर को खास बनाने के लिए आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए, जिससे माहौल उल्लासपूर्ण हो गया। इस शिविर में छात्रों के लिए कई तरह की कला आधारित और मनोरंजन से भरपूर गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें रोबोटिक्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, जुम्बा, गायन और वादन, नृत्य, एस्ट्रोनॉमी वर्कशॉप, योग जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। शिविर में छात्रों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष कार्यशालाओं की भी योजना बनाई गई है, जो उन्हें अपनी परंपराओं और मूल्यों को समझने में मदद करेंगी। आवासीय शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में जीवन के मौलिक मूल्यों को स्थापित करना था, ताकि वे जीवन के हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकें। साथ ही, इसमें श्रमदान, योग के महत्व और जीवन के प्रति कृतज्ञता की भावना को भी बढ़ावा दिया गया। छात्रों को शास्त्रीय नृत्य शैलियों की बारीकियां सिखाने के लिए प्रसिद्ध नर्तक निर्मल्या शर्मा द्वारा एक विशेष कथक कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है। उद्घाटन समारोह में प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। उन्हें पहले विशेष दिशा-निर्देश दिए गए और उसके बाद स्वादिष्ट व पौष्टिक नाश्ता भी कराया गया। प्राचार्या परमजीत कौर ने समर कैंप के आयोजन में सभी शिक्षकों और सहयोगियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि 21वीं सदी के बच्चों को आवश्यक कौशलों से लैस करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है, और ऐसे कैंप उनके व्यक्तित्व को निखारने में सहायक होते हैं।

## बिना वीजा भारत में रह रहे घुसपैठियों पर सरकार करे कार्रवाई: बागड़ा

**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा ने कहा कि देश के अंदर बिना वीजा लेकर रहने वाले घुसपैठियों को चिन्हित कर कार्रवाई करते हुए उन्हें वापस भेजा जाए। कहा, किसी भी विदेशी के लिए जो वीजा कानून बना हुआ है, उसका पालन सख्ती से हो। बजरंग बागड़ा बुधवार को एयरपोर्ट रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। बागड़ा ने भारत-पाकिस्तान और ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि सीजफायर का स्वागत है, लेकिन यह शर्त होनी चाहिए कि अगर भविष्य में कोई आतंकवाद की घटना होती है, तो उसे एक्ट ऑफ वार माना जाएगा।कहा, भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। किसी भी आतंकवादी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बागड़ा ने सेना के शौर्य और पराक्रम की प्रशंसा की। कहा कि सेना की कार्रवाई और सरकार की इच्छा शक्ति के कारण ही आतंक के ठिकानों को नष्ट किया जा सका है।

# बानो हाटिंगहोडे में मोटरसाइकिल दुर्घटना, दो युवक घायल



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

प्रखंड के हाटिंगहोडे स्थित जनजातीय बालक आवासीय विद्यालय के समीप मंगलवार शाम एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान जिनित तोपनो खुटागाड़ा और लुकास हेमरोम के रूप में हुई है।दोनों युवक किसी आवश्यक कार्य से हाटिंगहोडे गए थे और शाम को लौटते समय विद्यालय के पास एक मोड़ पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वे सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना में दोनों को चेहरे, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं।घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बानो ले जाया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि दोनों की स्थिति स्थिर है, चोटें गंभीर नहीं हैं, इसलिए उन्हें रेफर नहीं किया गया है। स्थानीय स्तर पर ही इलाज कर स्वस्थ किया जा सकता है।

## बिजली चोरी के आरोप में चार व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज

**खलारी।** प्रबंध निदेशक जेबीवीएनएल के निर्देश पर खलारी प्रखंड क्षेत्र में विद्युत चोरी रोकथाम हेतु छापेमारी की गई। छापेमारी अभियान राय, बमने, डुंडू, निर्मल चौक, होयर, चुरी पानी टंकी क्षेत्र में दिन में साढ़े दस बजे से अपराह्न साढ़े चार बजे तक की गई। जिसमें चार व्यक्ति बिजली चोरी करते पाए गए। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बचरा के कनीय अभियंता आशीष कुमार मुंडा द्वारा चारो व्यक्तियों के विरूद्ध खलारी थाना में 97788 रूपए जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। छापेमारी दल में सहायक विद्युत अभियंता, मांडर प्रेम दास, संवेदक कर्मी राजेश कुमार, उपेन्द्र कुमार, शहबाज आलम शामिल थे।

## प्रखंड मुख्यालय में सीओ ने की बैठक



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक बुधवार को की गई। जिसमें सामुदायिक अस्पताल सिल्ली के प्रभारी प्रियंका सिन्हा,शशि भूषण चौबे, मारुति नंदन उपस्थित रहे।इस बैठक में प्रभारी प्रियंका सिंहा ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवार कल्याण दिवस प्रत्येक महीना के 11 तारीख को मनाने को लेकर प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है जिसमें कम गर्भनिरोधक क्षेत्र एवं गर्भनिरोधक से अधिक पोषण वाले क्षेत्र तथा दो बच्चों के बीच तीन वर्ष से कम का जन्म अंतराल हो उन सभी को स्वस्थ कर्मियों द्वारा सहिया,एएनएम के उपस्थिति में परिवार कल्याण के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही साथ परिवार कल्याण के तहत एक बच्चे और दूसरे बच्चे होने तक कितने सालों का अंतर रखना है उसके बारे में भी बताया जाएगा।

## झारखंड की बालक फुटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक पर जमाया कब्जा



**गिरडीह।** झारखंड की बालक फुटबॉल टीम ने बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में गिरिडीह जिले के आवासीय बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र, स्टेडियम परिसर, गिरिडीह के *दो प्रशिक्षु खिलाड़ियों शिवराम हेम्ब्रम एवं हेमंत हांसदा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।* यह केंद्र पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के अधीन खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय द्वारा संचालित किया जाता है। केंद्र का उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को समुचित प्रशिक्षण व अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।_झारखंड टीम ने सेमीफाइनल में मेघालय को 2-1 से हराया और फाइनल में ओडिशा को बेहद रोमांचक मुकाबले में 7-6 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। यह जीत पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। गिरिडीह जैसे जिले से निकलकर राष्ट्रीय मंच पर स्वर्ण जीतना, यह दिखाता है कि सही मार्गदर्शन और संसाधनों के साथ कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। हम भविष्य में और भी खिलाड़ियों को इस मंच तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सफलता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी कि सपने सीमाओं से नहीं, संकल्प से पूरे होते हैं।

### खलारी में बनकर तैयार है नया माडल थाना का भवन

# आधुनिक सुविधाएं व बेहतर बुनियादी ढांचा से लैस है भवन

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**



खलारी में थाना का नया माडल भवन बनकर तैयार हो गया है। बीते वर्ष तीन अप्रैल को थाना भवन निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया था। थाना भवन का निर्माण झारखंड पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा कराया गया है। वर्श 1951 में बुड़मू थाना से अलग खलारी थाना बना था। तब तत्कालीन एसीसी कंपनी द्वारा ही भवन व थाना परिसर में आवास निर्माण कराया गया था। 74 साल पुराने भवन में पुलिसकर्मियों के रहने की असुविधा से लेकर कई बुनियादी कमी थी। नया बने माडल थाना भवन आधुनिक संचार प्रणाली, सीसीटीवी कैमरे, डेटा विश्लेषण उपकरण व अन्य आधुनिक उपकरण से लैस होगा। माडल थाना भवन में बेहतर बुनियादी ढांचा है। भवन में सुरक्षा के पर्याप्त उपाय किए गए हैं। पर्याप्त जगह, उचित प्रकाश व्यवस्था है। पुलिस व आगंतुक जनता के बैठने का आरामदायक जगह बनाया गया है। पुरूष व महिला पुलिसकर्मियों के लिए अलग अलग सुविधाएं हैं। खलारी थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो ने बताया कि थाना में फर्नीचर सहित अन्य उपस्करों के लिए विभाग से मांग की गई है। उपस्करों की आपूर्ति होते ही खलारी थाना नए थाना भवन में शिफ्ट हो जाएगा। खलारी की आम जनता नवनिर्मित नए भवन को देख उत्साहित है। लोगों को नए थाना भवन के उद्घाटन का इंतजार है।

## पंडरा पहुंचाने के बजाय खलारी में बेच दिया 962 बोरा चावल



**खलारी।** भागलपुर (बिहार) स्थित राइस मिल के.बी.ए. एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड से ट्रक पर लदा चावल पंडरा(रांची) पहुंचाने के बजाय धोखाधड़ी करते हुए खलारी में बेच दिया गया। इस संबंध में ट्रांस्पोर्टिंग करने वाले सौरभ कुमार ने खलारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। सौरभ कुमार ने बताया कि 11 मई को ट्रक संख्या जेएच02एके/6281 से 26 किलोग्राम का 962 बोरा के.बी.ए. गोल्ड मार्क चावल रांची के पंडरा स्थित वनांचल ट्रेडिंग दुकान के लिए रवाना किया था। दो दिनो बाद तक चावल पंडरा नहीं पहुंच सका। शक होने पर मंगलवार को जीपीएस ट्रैकर से पता करने पर जानकारी मिली कि ट्रक खलारी के बैंक चौक में खड़ी है। वनांचल ट्रेडिंग के मालिक संजय माहुरी खलारी आए तो पाया कि चावल बैंक चौक खलारी स्थित केशरी स्टोर में उतारा जा रहा है। पुलिस को सूचना मिलने पर चावल लदे ट्रक को थाना ले आया गया। बुधवार को खलारी पहुंचकर सौरभ कुमार ने ट्रक संख्या जेएच02एके/6281 के मालिक अनुरुद्ध साव, टंडवा (चतरा), ट्रक चालक शिवजी शर्मा (टाटानगर) व केशरी स्टोर के मालिक के विरूद्ध धोखाधडी कर चोरी कर लेने का मामला दर्ज कराया।


## सीयूजे और आईसीएआर-आईआईएबी के बीच एमओयू



रांची। सीयूजे के जीवन विज्ञान विभाग का इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च (आईसीएआर) - इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी के साथ हुआ एमओयू (समझौता) हुआ। इस समझौते के तहत दोनों संस्थानों के बीच लंबी अवधि के कई समझौते हुए। इस समझौते के अनुसार विश्वविद्यालय के सभी विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, आईसीएआर - आईआईएबी के साथ संयुक्त कार्यक्रम और शोध कर सकते हैं। साथ ही विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, ट्रेनिंग और प्रयोगशाला के सदुपयोग करने के सहयोग किया जाएगा। प्रभारी कुलपति, प्रो. केबी पंडा ने कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास के मार्गदर्शन में किए गए इस समझौते पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के लिए कार्य करता है और इसके द्वारा भविष्य का निर्माण करता है। इस तरह के एमओयू को कार्यात्मक होना चाहिए जो कि दोनों संस्थानो के सभी लोगों के लिए लाभदायक हो। इस तरह के सहयोग और अकादमिक एक्सचेंज से एक सही मायने में देश में ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था हम बना सकते हैं। आईसीएआर - आईआईएबी के निदेशक प्रो. सुजय रक्षित ने इस समझौते पर हर्ष जताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत दोनों संस्थान एक दूसरे के साथ संसाधनों का सहयोग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद हमें समझ में आया कि सारी चीजें जुड़ी हुई हैं, इसलिए हमें एक दूसरे के साथ मिलकर संयुक्त कार्यक्रम करना चाहिए।

# मुरी में कक्षा 10वीं व 12वीं का परिणाम शत् प्रतिशत रहा

**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**




सीबीएसई. बोर्ड परीक्षा कक्षा दशवी एवम् बारहवी का परिणाम दिनांक 13 मई को घोषित किया गया जिसमें संत माईकल +2 स्कूल का रिजल्ट शत् प्रतिशत रहा।कक्षा दशवी के राजीव कुमार महली 96% अंक लाकर स्कूल टॉपर रहा साथ ही हितेश कुमार महतो 93%, राज आर्यन भगत 92%, गौरव कुमार 90%, सप्तक सारक 89%, अंकिता रक्षित 88% , एलेक्स निहार तिरु 87% , तंजीर फातिमा 86% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया । वहीं कक्षा बारहवी के अनुज कुमार कोइरी ने 81% अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया साथ ही प्रिया शर्मा 80%, संस्कृति लाहिरी ने 80% एवं दीपशिखा कुमारी 76% अंक हासिल की। विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी शिक्षको एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने ये भी कहा कि ये परिणाम विद्यार्थियो की कड़ी मेहनत का ही फल है साथ ही उन्होने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षको को भी दिया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियो ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करके इस मुकाम को हासिल किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने शिक्षको एवं विद्यार्थीयो की बधाई के साथ विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए।उन्होंने उन सभी अभिभावकगण को धन्यवाद दिए जिन्होंने विद्यालय के प्रति भरोसा जताया। विद्यालय के प्राचार्य सी. एल. प्रजापति ने इतनी बड़ी सफलता के लिए सभी शिक्षको का आभार व्यक्त किए एवं सभी विद्यार्थियो को शुभकामनाए दिए। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण ने अपनी खुशी जाहिर की।

कक्षा बारहवी के अनुज कुमार कोइरी ने 81% अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया

## उत्कृष्ट विद्यालयों के बच्चों का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकारी स्कूल के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने के लिए वर्ष 2023 में 80 उत्कृष्ट विद्यालय का शुभारंभ पूरे राज्य भर में किया था। मुख्यमंत्री का यह प्रयास रंग ला रहा है, पहली बार सीबीएसई के तर्ज पर 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम आया है, जिसमें मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई है। सीबीएसई 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों ने अलग-अलग संकायों में बेहतरीन अंक प्राप्त किए हैं ।12 वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट विद्यालय दुमका की सुभाश्री वर्मा 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। 10 वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट विद्यालय बोकारो के अभय कुमार ने 95.4, बोकारो के ही अभिनव गुप्ता ने 95.4, लातेहार के अन्वेषा सिंह ने 95, जिला स्कूल मेदिनीनगर के स्वर्णा राज ने 94.4, जिला स्कूल मेदिनीनगर के प्रशंसा कुमार दुबे ने 93.6, बालिका उत्कृष्ट विद्यालय नावाडीह की खुशी कुमारी ने 93, उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## नर्सिंग दिवस मनाया गया



कलावती स्कूल ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नर्सिंग सेवा की पहचान एवं शुरुआत करने वाली सिस्टर फ्लोरेंस नाइटिंगल के तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर हुआ। इस अवसर पर नर्सिंग स्कूल के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के तौर पर लायंस क्लब ऑफ रांची लाइफ के अध्यक्ष रवि मेहता, शिव किशोर शर्मा, पिया बर्मन, गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जमशेदपुर के निदेशक संतोष कुमार, देशबंधु आईटीआई के प्राचार्य सतीश वर्मा, झारखंड मोटर ट्रेनिंग स्कूल की संस्थापिका रोहिणी देव पौराणिक, निदेशक अनूप देव पौराणिक आदि मौजूद थे। इस मौके पर निदेशक शिवनंदन पाठक ने कहा कि नर्सिंग बहनें अपने सेवा के द्वारा समाज मे अमिट छाप छोड़ देते हैं। इन्होंने कोरोना काल में अपनी जान को जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा की थीं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्लोरी जोशी लकड़ा,संगीता केरकेट्टा, वीणाश्री,प्रीति कुमारी,गजेंद्र कुमार अरविंद उरांव,सीमा देवी आदि आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### गहमागहमी के बीच प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति की बैठक आयोजित

# हर जरूरतमंद को विकास की मूल धारा से जोड़ने का प्रयास करें : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**



बेडो. प्रखंड मुख्यालय के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप ने की। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के कार्यों एवं प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न विभागों के द्वारा प्रखंड में चलाए जा रहे हैं विकास योजनाओं एवं कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिन विभागों में कार्य प्रगति असंतोष जनक रही उन्हें बेहतर कार्य करने एवं प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख विनीत कच्छप ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य यह है प्रखंड के दूर दराज के गांव में बसने वाले अंतिम व्यक्ति तक विकास की रौशनी पहुंचाई जा सके जिसके लिए पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ-साथ हम जनप्रतिनिधियों की भी जिम्मेवारी बनती है कि हम अपना दायित्व बखूबी निभाएं और प्रखंड में विकास की ऐसी कहानी लिखी जाए जो पूरे झारखंड में एक मिसाल बन सके। मौके पर उपस्थित प्रखंड उप प्रमुख मोदस्सिर हक ने कहा कि इच्छा शक्ति के बिना समाज की तस्वीर नहीं बदली जा सकती है। सरकार द्वारा दिए जाने वाले योजनाओं को समय पर और सही व्यक्तियों तक पहुंचा कि ही क्षेत्र का विकास किया जा सकता है। उन्होंने कुछ विभागों को कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायत भी दी। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने कहा कि हम सभी का हमेशा से यह उद्देश्य रहा है कि हर जरूरतमंद तक पहुंच कर उनकी जरूरत और आवश्यकताओं के अनुरोध उन्हें विकास की मूल धारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि बिना किसी उद्देश्य के विकास की कहानी नहीं लिखी जा सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो विभाग के पदाधिकारी उपस्थित नहीं हुए हैं उन्हें स्पष्टीकरण दिया जाएगा। मौके पर प्रधान लिपिक फारूक नदीम, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, पंचायत समिति सदस्य राखी भगत, आशा रानी पन्ना, अब्दुल्ला मलिक, अनीता कच्छप, विजय भगत, शाइस्ता परवीन, मकबूल अंसारी, रोशन तिर्की, पुरुषोत्तम भाई पटेल, आशीष कोया, लेखपाल अभय खलखो शाहिद सभी विभागों के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## अबुआ साथी व्हाट्सएप सेवा से तीन छात्रों का हुआ छात्रवृति भुगतान

**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने अपनी जन शिकायत निवारण प्रणाली अबुआ साथी व्हाट्सएप सेवा (9430328080) के माध्यम से एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता को साबित किया है। हाल ही में तीन छात्रों— संगम कुमार (पिताः विजय केसरी, एमबीए के छात्र, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, मनातू, रांची), राज कुमार (पिताः गणेश साव, बीबीए के छात्र, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची), और आस्था तिर्की (लॉ, द्वितीय वर्ष, की छात्रा, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी ने छात्रवृत्ति राशि के भुगतान में देरी की शिकायत दर्ज की थी। इन शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने सभी छात्रों को उनकी बकाया छात्रवृत्ति राशि का भुगतान सुनिश्चित कराया। संगम कुमार ने कहा, "छात्रवृत्ति की राशि न मिलने की चिंता हमें सता रही थी। अबुआ साथी व्हाट्सएप सेवा के माध्यम से हमारी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई हुई, जिससे अब हम अपनी पढ़ाई बिना किसी आर्थिक बाधा के जारी रख सकते हैं।

# झारखंड के जिम्नास्टिक खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में झारखंड जिम्नास्टिक संघ के अंतर्गत भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राज्य का नाम रोशन किया। क्वालिफिकेशन से लेकर फाइनल तक, झारखंड के जिम्नास्टिक खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और तकनीकी निपुणता का अद्भुत उदाहरण पेश किया। प्रमुख उपलब्धियाँः तुलिन तिवारी ने फ्लोर एक्सरसाइज़) में 11.433 अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक जीता। उन्होंने पॉममेल हॉर्स में 10.933 अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया। दिबास गायेन ने हाई बार में 10.967 अंक अर्जित कर रजत पदक जीता। क्वालिफिकेशन राउंड में प्रदर्शनः तुलिन तिवारी – पॉममेल हॉर्स (11.433), फ्लोर (11.600) सुभ्रज्योति बासु – पॉममेल हॉर्स (11.500), फ्लोर (11.300)

दिबास गायेन – हाई बार में क्वालिफिकेशन एवं फाइनल में पदक। झारखंड जिम्नास्टिक संघ ने कहा कि झारखंड के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर पूरे राज्य में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। यह सफलता केवल खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम नहीं, बल्कि संघ द्वारा चलाए जा रहे निरंतर प्रशिक्षण, संरचना विकास और ग्राम स्तर तक प्रतिभा खोज की नीतियों का फल है। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आरके आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक, झारखंड जिम्नास्टिक संघ के संरक्षक सह रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, निदेशक खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग संदीप कुमार, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार, अध्यक्ष रंजन कुमार, उपाध्यक्ष तूलिका श्रीवास्तव, कार्यकारी सचिव राजीव, प्रशासनिक सचिव डॉ. दीपक साहू, संयुक्त सचिव लक्ष्मण सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष गोविंद झा, धनबाद के सचिव शशिकांत पांडे,जामताड़ा के सचिव सरोज यादव, तथा रांची के खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह कॉर्डिनेटर चतरा तुषार राय,एवं मुक्ति लता खेस ने खिलाड़ियों, कोच जितेन्द्र कुमार और पूरी कोचिंग टीम को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी है।

# सीबीएसई परीक्षा की दसवीं कक्षा में सृष्टि 96% अंक लाकर बनी स्कूल टॉपर

Class – X CBSE Result – 2025

Top – Five




96.% | 94.8% | 93.6% | 92.2% | 92.%

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सीबीएसई 2025 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , कुम्हारटोली , हजारीबाग के कक्षा दसवीं के भैया -बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहरा कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया । गौरतलब है कि सृष्टि कुमारी 96 % अंक लाकर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनी ।विद्यालय के टॉपर भैया- बहन में सृष्टि कुमारी 96 % , श्रेया शर्मा 94.8 % कार्तिक चंद्र 93.6 %, पलक 92.2%, अंकित कुमार सिंह 92% भैया-बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य, शर्मेंद्र कुमार साहू एवं विद्यालय के आचार्य बंधु- भगिनी ने टॉपर्स भैया -बहनों को बधाई एवं शुभकामना देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने इस अवसर पर कहा कि- विद्यालय के आचार्यों के दिशा निर्देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भैया- बहनों को दी गई एवं भैया -बहनों के लगन एवं परिश्रम करने से परीक्षा में भैया -बहनों का शानदार प्रदर्शन दिखा। कक्षा दसवीं में भैया -बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने से ब्रजेश कुमार सिंह, सह विभाग निरीक्षक, हजारीबाग विभाग एवं प्रवासी कार्यकर्ता विद्या विकास समिति, झारखंड ने भैया-बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कक्षा दसवीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के भैया -बहनों के शानदार प्रदर्शन से पूरे विद्यालय में हर्ष का वातावरण है।

### कुंएं में डूबने से महिला की संदेहास्पद मौत

## परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केंदुआ,तुर्कबाद में एक विवाहित महिला की कुंआ में डूबने से संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। इस संबंध में मृतका लक्ष्मी कुमारी के भाई रामबाबू शर्मा, पिता प्रसादी शर्मा, साकिन लोचनपुर थाना कोडरमा निवासी ने बरकट्ठा थाना में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है की मेरी बहन की शादी हिंदू रीति रिवाज से उमेश कुमार शर्मा पिता बद्री ठाकुर साकीन केंदुआ पोस्ट तुर्कबाद निवासी के साथ 2021 में हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद मेरी बहन को ससुराल वालों द्वारा अतिरिक्त दहेज मांग को लेकर मारपीट किया जाने लगा। जिसमें उमेश कुमार शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा दोनों के पिता बद्री ठाकुर, ननद मालती देवी पति पिंटू ठाकुर, ससुर बद्री ठाकुर, सास, बड़ी गोतनी तथा मंझली गोतनी पर अतिरिक्त दहेज के रूप में 5लाख मांगने का आरोप लगाया है। पैसे नहीं देने पर कई बार मारपीट की है। जबकि शादी के समय तीन लाख 51हजार नकद समेत अन्य सामान दिया था। घटना की जानकारी हमलोगों को उमेश शर्मा ने फोन पर बताया ।कहा कि लक्ष्मी कुंआ में कुद गई।

### जिला ओलंपिक एसोसिएशन ने सांसद के समक्ष अध्यक्ष बनने का रखा प्रस्ताव

**बोकारो।** रामगढ़ जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के पदाधिकारी गण गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी से रजरप्पा आवास में मिल कर रामगढ़ जिला खेल गति विधियों एवं खेल और खिलाड़ियों को विकसित करने को लेकर बात रखी। इसके बाद पदाधिकारियों ने सांसद को रामगढ़ जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के गठन और आम सभा की जानकारी देते हुए सदस्यों ने सांसद से रामगढ़ जिला ओलम्पिक एसोसिएशन का अध्यक्ष पद के लिए सहमति का आग्रह करते हुए प्रस्ताव पत्र सौंपा।


## न्यूज बॉक्स

### सीबीएसई 12 वीं की परीक्षा में विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम




**हजारीबाग।** सीबीएसई की 10 वीं और 12 के। कक्षा का परिणाम घोषित हो गया है।10 + 2 लॉर्ड कृष्णा स्कूल अमृत नगर में 12वीं विज्ञान के छात्र एवं छात्राओं ने सफलता का परचम लहराया है ।विद्यालय से प्रथम अनुष्का प्रकाश 92.4, द्वितीय उज्जवल कुमार सिंह 92.2 एवं तृतीय तानिया कुमारी ने 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया ।सफल छात्र छात्राओं में सबीबा जीनत,अभिजीत कुमार सिंह,रिया रानी,अभिनव कुमार ,सचिन सोनी,प्रिंस राज,निर्भय कुमार के अलावे विभिन्न विषयों में भी छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जिसमें अतुल प्रकाश,आयुष रंजन, अनुष्का प्रकाश,लावण्या श्री, मो साकिब युसूफ,रिया रानी, तान्याकुमारी,उज्जवल कुमार सिंह का नाम शामिल है। विद्यालय के प्रिंसिपल कृष्ण कुमार देव ,सचिव अमिताभ नीरज एवं शिक्षक मो अफरोज आलम, अनिल साव , भोला कुमार राय, जितेंद्र राय, जीवन कुमार यादव, पंकज कुमार राय, संदीप कुमार, सुमित कुमार, प्रदीप यादव, सुमंत कुमार उपाध्याय एवं अतर अहमद ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम


SRI GURU NANAK PUBLIC SCHOOL, RAMGARH

TOPPERS OF AISSCE SESSION 2024-25

| SL.NO | STUDENTS_NAME | PERCENTAGE % | PHOTOS |
|---|---|---|---|
| 1. | KUSHAGRA SINGH | 95.2 | |
| 2. | PARI SAH | 94.4 | |
| 3. | MANJOT KAUR | 93.2 | |
| 4. | OM KUMAR MUKHERJE | 93 | |
| 5. | JAHNAVI | 92.8 | |

**रामगढ़।** 13 मई 2025 को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) द्वारा 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें रामगढ़ श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया। इस वर्ष विद्यालय से कुल 234 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिसमें 176 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी,डिस्टिंक्शन 88 तथा 80 से ऊपर 55 छात्रों ने बाजी मारी इन्होंने मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण के बल पर शानदार सफलता अर्जित की। विद्यालय के परीक्षार्थियों में कुशाग्र सिंह ने 95.2%, परी शाह 94.4,%, मन्जोत कौर 93.2%, ओम मुखर्जी 93%, जाह्नवी 92.8 %, दीपशिखा सोनी 92.4%, आद्या कुमारी 91.8%, विजेता गुप्ता 91.4% , कशिश नंदिनी 91.4%, लकी कुमार पासवान 91.2%, आरुष कुमार 90.4 %, रागिनी कुमारी 90.2% ,प्रगति राज 89.4% भव्या राज गोयल 89.2%, प्रियांशु कुमार 89.2%, कुमारीअदिति तनीषा 88.4% , सामिया जावेद 88% ,अभिज्ञान सिंहा 87.8% ,सृष्टि प्रसाद 84.8%, आयुष पोद्दार 84.8% ,आदित्य विजय 84.4% ,वरुण गोयल 84% ,आर्यन राज 84%, समृद्धि सिंह 82.2% नंदनी कुमारी साहू 81.8% ,शौर्य कुमार 81.8%, करण कुमार महतो 81.4%, याशिरा फिरदौस खान 81%, अक्षत आर्यन और प्रिया कुमारी 80.8%, प्रकाश कुंज और शिवम प्रसाद 80.6%, शशांक मिश्रा और विद्या कुमारी 80.4%, आयुषिका सिंह और रोहन प्रताप 80%, चिराग नाथ 79.8%, रहनुमा खानम और वर्षा बनर्जी 79.6%, नव वर्मा और रूद्र कौशिक 79.4%, शुभ मित्तल 79.2%, दीक्षा साहनी 78.6%, लक्की कुमार 78.4%, राम्या सिंह 78%, शिवम् राज 77.8%,खुशी रानी 77.6%,अमलेश कुमार 77.4%,आदर्श कुमार 77.2%,माही अरोड़ा 77%, अमित कौशिक 76.6%,वैष्णवी 76.6% शगुन रानी 76.4% स्नेहा कुमारी 76.4% जन्नत परवीन 76.2% काव्या झा 76.2%, अनंत शाश्वत 76.2% वैभव लक्ष्मी 76% प्रशंशा कुमारी 76% प्रेम मुखर्जी 75.8%, प्रिंस कुमार ,शहज़ादा अल्तमश ,पलक बर्णवाल 75.6% ,परी रानी, अंकित कुमार रॉय 75.4% अमन कुमार ,रंजन कुमार 75.2% शाकिब अहमद आदर्श कुमार 75% अंक प्राप्त किया ।

# डीसी ने किया झार उत्सव पोस्टर का विमोचन

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**




सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद ,युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार द्वारा प्राप्त वित्तीय सहायता अनुदान के अंतर्गत प्रतिभाओं को बेहतरीन मंच प्रदान करने एवं कला के साथ समाज सेवा के लिए सुप्रसिद्ध संस्था तरंग ग्रुप, हजारीबाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क लोकनृत्य,लोक नाट्य, लोकगीत एवं लोक चित्रकला सोहराय एवं कोहबर प्रशिक्षण कार्यशाला के पोस्टर झार उत्सव 2025 का विमोचन 14 मई को समाहरणालय परिसर में उप विकाश आयुक्त इश्तियाक अहमद,जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी एवं जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम ने अपने अपने कार्यालय से संयुक्त रूप से किया। पोस्टर का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि इश्तियाक अहमद ने बताया कि इस तरह का आयोजन झारखंड के साथ हजारीबाग की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने और संरक्षित करने का बेहतरीन प्रयास है, इससे लोगों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और निखारने का अवसर मिलेगा। जबकि खेल पदाधिकारी कैलाश राम ने बताया कि लोकनृत्य, लोकनाट्य ,लोक गीत के साथ हजारीबाग की सुप्रसिद्ध चित्रकला सोहराई एवं कोहबर को आज के युवा वर्ग तक पहुंचने का बहुत ही बेहतरीन प्रयास है।

### बुजुर्ग महिला से 50 हजार की छिनतई



**रामगढ़ ।** भुरकुंडा थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला से 14 मई को 50 हजार रुपये की छिनतई का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में बताया जाता है की भदानीनगर मतकमा निवासी शांति देवी महिला ने पटेलनगर बैंक ऑफ इंडिया से लगभग 3:15 बजे 50 हजार रुपये निकालकर पैदल अपने घर मतकामा जा रही थीं। इसी दौरान बुल्लू रंग की अपाची में सवार दो युवकों ने उनका पीछा किया और पटेलनगर शिवमंदिर के पास छिनतई कर भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, जिसमें दो युवक अपाची पर महिला का पीछा करते दिख रहे हैं। पुलिस अब सीसी फुटेज और अन्य जगहों पर पूछताछ कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जांच शिविर का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यकम के अन्तर्गत 14 मई को सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम डॉ० तुलिका रानी के संयुक्त नेतृत्व में महात्मा गांधी हाई स्कूल भुरकुंडा पतरातु में एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जांच की गयी। कुल मिलाकर 99 बच्चे की जाँच डॉ पल्लवी कौशल डिस्ट्रिक्ट कंसलटेंट एवं सीएचओ द्वारा की गई। कुल 19 बच्चों में जांच उपरान्त लक्ष्ण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लेकर एल टी जीतेन्द्र कुमार द्वारा जांच उपरान्त 9 बच्चों में इस बिमारी कि पुष्टि हुई। बीमारी से संबंधित जानकारी भी बच्चों व स्कुल के स्टाफ को दी गई। डॉ पल्लवी कौशल द्वारा बताया गया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोरायड तत्व के कारण होती हैं। साथ ही साथ सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही साथ उन्होंने ये भी बताया कि सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जीयां, खटटे फल जैसें - संतरा, निबू, आवला एवं दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी, जिससे की शरीर में फ्लोरायड इक्टठा नहीं होता हैं। उनके द्वारा यह भी बताया कि सदर अस्पताल, रामगढ़ में निःशुल्क कोई भी अपने पीने के पानी एवं पेशाब में फ्लोरोसिस बीमारी की जाँच करवा सकता हैं। इस शिविर को सफल बनाने हेतु उस क्षेत्र की सी०एच०ओ०, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

### राज्यस्तरीय कराटे में रामगढ़ जिला ने लहराया परचम

**रामगढ़।** रांची स्थित खेलगांव में पिछले दिनों झारखंड राज्य सब-जूनियर कराटे चैंपियनशीप संपन्न हुआ। इसमें रामगढ़ जिला के 110 कराटेकारों ने हिस्सा लिया। बेहतर प्रदर्शन के बदौलत 66 प्रतिभागियों ने पदक पर कब्जा जमाया। जिले के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 35 स्वर्ण, 13 रजत और 18 कांस्य पदक अपने नाम किए। इन विजेताओं ने न केवल जिले का मान बढ़ाया, बल्कि आगामी राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप, जो अगले माह उत्तराखंड में आयोजित होगी, उसमें झारखंड का प्रतिनिधित्व करने का गौरव भी प्राप्त किया। रामगढ़ जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सेंसी नरेंद्र सिन्हा और महासचिव शिहान शशि पांडेय ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामना दिया है।

# योग हम सभी को अनुशासन का पाठ पढ़ाता है: डॉ. सुनील कश्यप

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



प्रखंड स्तरीय योग प्रतियोगिता में मांडू प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर डंदकन के दो छात्र बालक वर्ग में आदर्श कुमार सोनी एवं बालिका वर्ग में सोनम कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दोनों बच्चे 15 मई को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय में जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में भाग लेंगे । दोनों बच्चों को 14 मई को विद्यालय में विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप दोनों के अभिभावक को बुलाकर मेडल प्रदान कर सम्मानित किया । साथ ही छात्रों के उत्साह को बढ़ाया । डॉ सुनील कुमार कश्यप ने दोनों छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग के माध्यम से हम सभी लोग शरीर को अनुशासन रखते हुए शारीरिक व्यायाम करते हैं। योग का सम्यक अभ्यास करने से अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं । जब हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा तभी हम मनवांछित फल कर्म करते हुए सफलता को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं । इसीलिए तो कहा गया स्वस्थ मस्तिष्क ही बुद्धि बल ज्ञान का विकास होता है । इसलिए हम सभी को प्रत्येक दिन योग का अभ्यास प्रातः और संध्या को करना चाहिए। स्वास्थ्य मन में ही विद्या का विकास होता है ।योग हमें योगानुशासन का पाठ पढ़ाता है । इस अवसर पर विद्यालय के सहायक अध्यापक शारदानंद शर्मा , गौतम कुमार गुप्ता और बाल संसद के सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### चोरों के हौसले बुलंद ,लगातार दे रहे चोरी की घटना को अंजाम, प्रशासन मौन

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र में चोरों के लगातार हौसलें बुलंद हो रहे हैं। बीते पंद्रह दिनों में छह लोगों के घरों और एक दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। सोमवार की मध्य रात्रि पुनः पूनम देवी उर्फ रंजना देवी पति राजेश मंडल, ग्राम बरवां निवासी के घर चोरी हुई है। इस संबध में पीड़िता ने बरकट्ठा थाना को लिखित शिकायत की है। जिसमें उन्होंने कहा है की 12मई को में अपने बच्चों के साथ शादी समारोह में शामिल होने गंगपाचो गई थी। जब मैं रात्रि करीब 1:30 बजे पुनः अपने घर वापस लौटी तो देखा कि मुख्य गेट का दरवाजा का ताला टूटा हुआ हैं। अंदर जाने के बाद देखा कि सभी कमरा का दरवाजा टूटा हुआ है। साथ ही सभी सामान बिखरा पड़ा हुआ है। बक्सा में रखे दो मंगल सूत्र, कानबाली, चांदी के आभूषण जिसकी कीमत एक लाख रुपए से अधिक समेत पांच हजार की नकदी की चोरी हो गई।विदित हो कि बीते पंद्रह दिनों में छह घरों समेत एक दुकान में चोरी हुई है। जिसमें बरवां निवासी रामजी प्रसाद पिता स्व धूपाल महतो के घर दो बार, त्रिलोकी प्रसाद पिता स्व अर्जुन महतो, नुनु प्रसाद पिता स्व सुखन महतो, टुनटुन मंडल पिता स्व० बिरजू महतो, रिंकी कुमारी पति पंकज कुमार के घर और महेश प्रसाद चोधरी पिता छोटेलाल चौधरी के दुकान में चोरी हुई है। पुलिस एक भी मामले का उद्भेदन नहीं कर पाई है। जिससे आम जनों में पुलिस के प्रति काफी आक्रोश व्याप्त है।

### अवैध हथियार के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार, देशी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद

**बरही।** गुप्ता सूचना के आधार पर बरही पुलिस ने मलकोको पंचायत के पहारपुर टोला में छापेमारी कर एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया. उक्त जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने प्रेस बयान जारी कर दिया. उन्होंने बताया कि उक्त कारवाई में विश्वनाथ रविदास उम्र 51 वर्ष पिता स्वर्गीय बाबूलाल रविदास, ग्राम मलकोको, थाना बरही, जिला हजारीबाग के एक देसी कट्टा और चार जिंदा गोली बरामद की गई. बरामदगी की कार्रवाई स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में की गई. जिसे गिरफ्तार कर थाना लाया गया.

### प्रदीप कुमार सिन्हा के पुत्र के निधन पर शोक की लहर

**गोला।** गोला निवासी समाजसेवी सह सिन्हा स्टोर के मालिक प्रदीप कुमार सिन्हा के बड़े पुत्र चंदन कुमार सिन्हा 43 वर्ष के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे, और उनका रांची के रिम्स में इलाज चल रहा था। मृतक चंदन अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र व एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशान घाट पर किया गया। उनके निधन पर विधायक ममता देवी, बजरंग महतो, गोला चित्रांश महापरिवार व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा मौजूद थे।

# सूर्या कुमार राज को यूजीसी नेट परीक्षा में मिली सफलता

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गैड़ा निवासी सूर्या कुमार राज, पिता संजय कुमार वर्मा (सहायक अध्यापक) ,माता रेखा देवी (सहायक अध्यापिका) को यूजीसी नेट परीक्षा में ओबीसी कैटिगरी में ऑल इंडिया 59वां रैंक प्राप्त हुआ है। विदित हो कि श्री राज लाइफ साइंस सब्जेक्ट से यह परीक्षा पास कर सफलता प्राप्त कर अपने क्षेत्र का मान बढ़ाया है ।अपने प्रथम प्रयास में ही इन्होंने यह परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है ।ज्ञात हो सूर्या कुमार राज मैट्रिक की परीक्षा उच्च विद्यालय गैड़ा, इंटर की परीक्षा इंटर साइंस कॉलेज हजारीबाग, ग्रेजुएशन मार्खम कॉलेज हजारीबाग से किया है ।वहीं विनोद भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से पीजी फाइनल ईयर के छात्र हैं। इन्होंने प्रथम प्रयास में ही यह सफलता हासिल कर ली है। अपनी सफलता का श्रेय इन्होंने अपने माता-पिता और मार्गदर्शक रहे चुगलामों निवासी अर्जुन प्रसाद चौधरी को दिया है।

### राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में 14 खिलाड़ी पदक जीते

**गोला।** खेलगांव रांची स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड की ओर से तीन दिवसीय झारखंड स्टेट सब जूनियर, कैडेट एंड जूनियर कराटे चैंपियनशिप-2025 का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 11 मई तक किया गया। जिसमें पूरे राज्य से लगभग 550 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में शोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ इंडिया गोला शाखा के अठारह खिलाड़ियों ने भाग लिया। यहां के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 14 पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसमें 6 खिलाड़ियों ने स्वर्ण, 1 रजत व 7 कांस्य पदक जीतकर प्रशिक्षण केंद्र व माता पिता का मान बढ़ाया है।

### सीबीएसई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विद्यार्थियों ने किया नाम रौशन

# टॉपर छात्रों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



13 मई 2025 को सीबीएसई द्वारा कक्षा 12वीं एवं 10वीं का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें राधा गोविंद सीनियर सेकेण्डरी पब्लिक स्कूल रामगढ़ के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। 12वीं में विज्ञान संकाय में मो० अरमान अंसारी ने 92.6%, प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम एवं जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया। मानस इंद्रगुरु 91.6% विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा अहमद नवाज़ - 89%-3 प्राप्त किया। आर्ट्स में आशिका गुप्ता-94.6%-प्रेरित कुमार दांगी- 93.4% तथा मैत्री पाठक -90.2%. अंक प्राप्त किया। वाणिज्य विषय में कुणाल किशोर ने 89.2%, सुमंत यादव 86.2% तथा रिया कुमारी ने 78. 2% अंक एवं 10वीं का परीक्षाफल प्रकाशित हुवा जिसमे विद्यालय के सभी विद्यार्थी पास हुए , अर्चना कुमारी 97.6%, अंक प्राप्त कर रामगढ़ जिले में टॉप किया समीक्षा कुमारी 94%, के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान स्नेहा कुमारी 93.8 %, प्राप्त कर तृतीय रंजीत कुमार 93.6%, उजेफा खान 92.4%, आदर्श कुमार 92.2%, सुजल कुमार मुंडा 92.2%, सुभोमिता सेन 90.6%, रेहान खान 90.6%, लक्ष्मी कुमारी 90.4%,मधु कुमार 90.2% प्राप्त कर अपना माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रौशन किया । कुल 150 विद्यार्थियों ने 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 11 विद्यार्थियों ने 90 % से अधिक अंक प्राप्त किए 50 विद्यार्थियों ने 80% से ज्यादा अंक प्राप्त किए। सभी टॉपर विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं पुरस्कार देकर विद्यालय प्रबंधन ने सम्मानित किया एवं भविष्य में बेहतर करने की शुभकामनाएं दिए। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, वित्त लेखा पदाधिकारी डॉ० संजय कुमार, ट्रस्टी अजय कुमार प्राचार्य डॉ० सुजीत कुमार मोहंती, प्रशासक के एन सिंह तथा समस्त शिक्षकवृंद ने बधाई एवं शुभकामना दी

### सीबीएसई की परीक्षा में कीर्ति और पूजा व दिव्या बनी स्कूल टॉपर



**बरही।** सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं व 12वीं के परिणाम में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के शत प्रतिशत विद्यार्थियों को सफलता मिली है. प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मियों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अग्रेतर पढ़ाई के लिए शुभकामनाएं दी है. प्राचार्य डॉ मैढ़ ने बताया कि 10वीं बोर्ड में उनके विद्यालय से कुल 197 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया था. जिसमे कीर्ति कुमारी 95.4%, विद्या कुमारी 94.2%, 93.2% चंदन कुमार गुप्ता व अंबिका कुमारी स्कूल के क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय टॉपर बने हैं. इसके साथ हीं प्रकृति श्रेया 93.2%, शुभम कुमार 93%, आदित्य कुमार 91.8%, उज्जवल मानस 90.6%, स्नेहा प्रिया 90.2%, तनु कुमारी 89.2%, सचिन कुमार 88.2%, दिव्या रानी और कृष्ण कुमार सिंह ने 88% अंको के साथ विद्यालय के शीर्ष 10 में अपना स्थान बनाया. वहीं 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय में पूजा कुमारी 90.6% अंको के साथ प्रथम व कॉमर्स संकाय में दिव्या सिंह 71.6% लेकर दिव्या सिंह अंको के विद्यालय की टॉपर बनी. प्राचार्य डॉ मैढ़ ने कहा कि डीएवी परिवार भविष्य में अपने कुशल मार्गदर्शन व शिक्षकों के प्रयास से और भी बेहतर बनाने के लिए सदैव से प्रयत्नशील रहेगा.

## उपायुक्त व उप विकास आयुक्त ने किया कोलेबिरा प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण

# मास्टर रोल में एंट्री वाले मजदूरों से ही कार्य कराया जाए : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने कोलेबिरा प्रखंड कार्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रखंड में संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक की। विशेष रूप से मनरेगा के अंतर्गत मानव दिवस सृजन एवं महिला मजदूरों को दिए जा रहे रोजगार की स्थिति का गहन मूल्यांकन, अबुआ आवास योजना की कार्य प्रगति की स्थिति स्थिति की विस्तृत समीक्षा किया गया।उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों को समयबद्ध एवं नियमित रूप से रोजगार उपलब्ध कराया जाए तथा महिला श्रमिकों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। सभी पंचायत में योजना का संचालन लगातार करते रहने की बात। बैठक के दौरान 'अबुआ आवास योजना' के अंतर्गत लाभुकों को उपलब्ध कराए गए आवासों की स्थिति का भी जायजा लिया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि योजना के तहत पात्र लाभुकों को शीघ्रता से आवास उपलब्ध कराया जाए और निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने आवास योजना लाभुक को प्रथम किस्त की राशि भुगतान किया गया और 150 दिन से ऊपर होने के पश्चात् किसी प्रकार की प्रगति नहीं है वैसे मामलों का लगातार भ्रमण कर लाभुक से समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया। इसके अलावे जितनी भी योजना में प्रथम किस्त का राशि भुगतान हो गया है वहां समय पर मास्टर रोल निकालने की बात कहीं। इसके अलावे सभी लंबित आवास योजना को पूर्ण करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा प्रखंड अंतर्गत संचालित पुराने योजनाओं को भी पूर्ण करने पर जोर दिया।इसके अतिरिक्त 15वें वित्त आयोग अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि आवंटित राशि का समुचित एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकास कार्यों का लाभ सीधे जनता को मिल सके। भ्रमण के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ योजनाओं को धरातल पर उतारने का आग्रह किया। उपायुक्त महोदय पंचायत सचिव को प्राथमिकता के साथ रॉयल्टी की राशि समय पर जमा करने का निर्देश दिया।

इसके पश्चात् उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने रैंसया पंचायत का दौरा किया, जहाँ उन्होंने मनरेगा अंतर्गत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन एवं बागवानी योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से नई बागवानी योजना के लिए गड्ढा खुदाई कार्य की समीक्षा की और वहां पर कार्य करने वाले मजदूरों की जानकारी ली। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मास्टर रोल में जिन मजदूरों की एंट्री है, उन्हीं से कार्य कराया जाए। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि कई बार योजनाओं में ऐसे मजदूरों का नाम दर्ज कर दिया जाता है जो वास्तव में कार्य में शामिल नहीं होते, और फिर भी उनकी उपस्थिति दिखाकर राशि की निकासी कर ली जाती है। यह प्रक्रिया न केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है, बल्कि योजना की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मजदूरों की उपस्थिति, कार्य की प्रगति और भुगतान की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ ज़मीनी स्तर तक पहुँच सके।

## उपायुक्त ने कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने कोलेबिरा प्रखंड का भ्रमण करते हुए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की स्थिति, बिजली की व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने वार्डन को इन सुविधाओं की बेहतर देखरेख हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने रसोई घर का भी मुआयना किया और मेनू के अनुसार बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता और नियमितता की जानकारी ली। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि बच्चों को पोषणयुक्त एवं समय पर भोजन उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही उपायुक्त ने छात्राओं के रहने वाले कमरों का निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने पाया कि प्रत्येक कमरे में केवल दो पंखे लगे हुए हैं जबकि छात्राओं की संख्या अधिक है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अतिरिक्त पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मच्छरों से बचाव हेतु प्रत्येक कमरे की खिड़कियों में जाली लगाने के निर्देश भी दिए, ताकि बच्चियों को बीमारियों से बचाया जा सके। उन्होंने वार्डन एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि छात्राओं को सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल वातावरण प्रदान किया जाए, जिससे वे पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद भी किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि बच्चियों की शिक्षा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उपायुक्त ने बच्चों से मुलाकात की तथा वहां मिलने वाली सुविधाओं एवं समस्याओं के बारे में बच्चों से जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि उन्हें पानी के लिए विशेष समस्याएं होती है। शौचालय तक पानी की सप्लाई न होने से उन्हें बाहर से बाल्टी में भरकर लाना पड़ता है। उपायुक्त पानी की समस्या को जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया।

## कोलेबिरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना पुलिस ने नशे के कारोबारियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर की गई।पुलिस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर की सप्लाई की जा रही है। इसी के तहत एक विशेष टीम का गठन कर बीते मंगलवार की शाम त्वरित कार्रवाई करते हुए कोलेबिरा निवासी 30 वर्षीय प्रशांत बड़ाइक एवं 26 वर्षीय विपिन कुमार नंद को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 34 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई, जिसका कुल वजन 4.34 ग्राम है।थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने बताया कि नशे के कारोबार पर रोक लगाने हेतु लगातार नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत धारा 17(A), 21(A), 22(A), एवं 29(A) के अंतर्गत मामला दर्ज कर उन्हें सिमडेगा जेल भेज दिया गया है।थाना प्रभारी ने आम ग्रामीणों से अपील की है कि वे नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों की जानकारी पुलिस को दें। उन्होंने चेतावनी दी कि क्षेत्र में नशा कारोबार करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह के अलावा एसआई टिंकू कुमार वर्मा, एसआई बन बिहार कुमार, एएसआई कौशल किशोर सिंह, एएसआई इंद्रजीत समद एवं थाना के अन्य पुलिस जवान शामिल थे।

## सक्सेस पॉइंट 'शिक्षा सहभागिता मंच' का आयोजन 16 मई को

**कोलेबिरा।** लचरागढ़ प्रिंस चौक स्थित बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्र में आगामी 16 मई 2025 को सक्सेस पॉइंट द्वारा "शिक्षा सहभागिता मंच" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के उज्ज्वल भविष्य हेतु उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करना है।कार्यक्रम में राज्यस्तरीय मोटिवेशनल वक्ताओं को आमंत्रित किया गया है, जो छात्रों को शिक्षा, प्रशासन, आईटी, रक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में करियर निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन देंगे।संस्थान के निदेशक कुंदन कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम छात्रों को अपने लक्ष्य निर्धारण में सहायता प्रदान करेगा और वे अपने कौशल के आधार पर आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने सभी छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षाप्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर लाभ उठाने की अपील की है।

## ग्रामीण किसी पर नहीं रहेंगे निर्भर, वे होंगे आर्थिक रूप से सक्षम : विधायक

- **बासेन नदी डीपा में विधायक मद से निर्मित मार्केट शेड का विधायक ने किया उद्घाटन**

**नवीन मेल संवाददाता**



**केरसई।** केरसई प्रखंड के बासेन पंचायत के बासेन नदी डीपा में विधायक मद से निर्मित मार्केट शेड का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में विधायक भूषण बाड़ा ने किया। मौके पर फादर थिओडोर सोरेंग की अगुवाई में छोटी प्रार्थना हुई। उन्होंने शेड में आशीष जल का छिड़काव भी किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि हमेशा उनके विकास कार्यों में विश्वास बनाए रखा। उन्होंने कहा कि गांवों का चहुमुंखी विकास उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में निरंतर काम हो रहा है। योजनाएं सिर्फ कागजों में नहीं जमीन पर भी उतारा जा रहा है। विधायक ने कहा कि हमारी माताएं, बहनें और युवा साथियों में असीम ऊर्जा है। उन्हें अगर सही मंच और मार्गदर्शन मिले, तो वे चमत्कार कर सकते हैं। मेरा सपना है कि ग्रामीण आर्थिक रूप से इतनी सक्षम बनें कि वे किसी पर निर्भर न रहें। उद्घाटन के मौके पर आदिवासी सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें कुल 16 नृत्य दलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में ढिंगुरपानी भंडारटोली को प्रथम, गढ़बासेन को द्वितीय एवं कनका कुदर गुईझरिया मंडली को तीसरा सथान प्राप्त हुआ। सभी को विधायक ने मांदर देकर सम्मानित किया गया। वहीं शेष सभी टीमों को प्रोत्साहन स्वरूप दरी प्रदान की गई। जिप सदस्य जोसिमा खाखा महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहनों, हम सिर्फ घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं हैं। हम समाज की शक्ति हैं। विधायक भूषण बाड़ा हमेशा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के हक की बात करते हैं। विधायक का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने जो वादा किया था, उसे पूरा किया है।

## न्यूज बॉक्स

### लेटाबेडा गांव में फिनो बैंक से जुड़ी फर्जी निकासी मामले में हुई ग्रामीणों की बैठक



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के मालसाडा पंचायत अंतर्गत लेटाबेडा गाँव में फिनो बैंक से जुड़े एक फर्जी निकासी के मामले में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण ग्रामीण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत मुखिया बिनोद बड़ाइक ने की।मुखिया बिनोद बड़ाइक ने जानकारी दी कि कुछ समय पहले लेटाबेडा गाँव की कई ग्रामीणों ने मनु यादव (उर्फ नंदू यादव) के खिलाफ फिनो बैंक खातों से विभिन्न सरकारी योजनाओं की राशि अवैध रूप से निकालने का आरोप लगाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बोलबा को एक लिखित शिकायत सौंपी थी। यह मामला संज्ञान में आते ही बीडीओ द्वारा जांच का आश्वासन दिया गया था।बताया गया कि दोरोथिया डूंग डूंग के फिनो बैंक खाते से प्रधानमंत्री आवास योजना की 30,000, मईया योजना की 7,500 तथा अन्य योजनाओं की राशि निकाली गई थी। मनु यादव द्वारा कुछ मामलों में फर्जी निकासी की गई थी, जिसे उन्होंने पहली गलती मानते हुए स्वीकार किया और ग़लती स्वीकार करते हुए निकाली गई राशि ग्रामीणों को लौटा दी। इस पर सभी ग्रामीणों ने दरियादिली दिखाते हुए उसे माफ कर दिया।बैठक में दोनों पक्षों की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए सभी को सजग रहना होगा।

### बिना नंबर प्लेट की 13 मोटरसाईकिल जप्त कर पुलिस ने किया प्राथमिकी दर्ज

**बोलबा।** बोलबा थाना छेत्र से बिना नंबर प्लेट का 13 मोटरसाईकिल जप्त कर पुलिस ने किया प्राथमिकी दर्ज। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी संतोष कुमार राय ने बताया कि आज सुबह थाना गेट के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 13 मोटरसाईकिल बिना नंबर प्लेट के पाए गए।



जिसमें.कुछ मोटरसाईकिल का चेचीस नम्बर घिसा हुआ पाया गया। इस सम्बन्ध में बोलबा पुलिस द्वारा मोटरसाईकिल जप्त करते हुए अज्ञात लोगो के खिलाफ.प्राथमिकी दर्ज किया गया। जिसका का संख्या 06/025 भा द वि कि. धारा 303(2) 317(5) दर्ज है। इस मौक़े पर ए एस आई सुनील टॉपनो ने बताया कि जाँच के दौरान लोग मोटरसाईकिल छोड़कर भाग गए। इस मौक़े पर सुनील टॉपनो के साथ पुलिस बल मौजूद थे।

### बोलबा प्रखंड कार्यालय सभागार में खाद्य सुरक्षा अधिनियम को लेकर किया गया बैठक



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी सुधांशु पाठक ने की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लाल कार्ड, पीला कार्ड धारकों को प्रति व्यक्ति 5 किलो राशन दिया जाता है।मानसून को देखते हुए इस बार तीन माह का राशन एकमुश्त कार्ड धारियों को दिया जाएगा। इसकी पारदर्शिता बनाए रखने तथा नियम अनुसार राशन वितरण सुनिश्चित करने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं राशन डीलरों के साथ यह बैठक की गई।बैठक में बताया गया कि राशन वितरण में किसी प्रकार की चोरी अथवा घोटाले की शिकायत सामने न आए, इसके लिए सभी संबंधित लोगों को जिम्मेदारी से काम करना होगा। साथ ही यह भी कहा गया कि एक साथ तीन माह का राशन आने पर रखने की व्यवस्था भी करनी होगी और कार्डधारियों को इसके बारे में समय रहते जानकारी देना अनिवार्य होगा।कार्डधारियों द्वारा राशन बेचे जाने की संभावनाओं पर भी निगरानी रखी जाएगी, ताकि योजनाओं का लाभ सही पात्रों को सही रूप में मिल सके। राशन वितरण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ही किया जाना सुनिश्चित किया गया है, ताकि वितरण में पारदर्शिता बनी रहे।

### कोलेबिरा थाना दिवस पर 17 में से 16 भूमि विवादों का हुआ निपटारा

**कोलेबिरा।** थाना परिसर में बुधवार को थाना परिसर में प्रखंड प्रशासन के द्वारा थाना दिवस मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी कोलेबिरा अनुप कच्छप,थाना प्रभारी शशिशंकर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।उन्होंने लोगों की जमीन संबंधित विवादों को सुनते हुए उन्हें आपसी समझौते के आधार पर सुलझाने का प्रयास किया।मौके पर पुलिस अधिकारी और अंचल कर्मी भी उपस्थित थे।थाना दिवस के अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा जमीन विवाद से संबंधित पूर्व से लंबित 17 मामलों में से 16 मामलों का निष्पादन किया गया।14 मई को शिविर में जमीन विवाद सेसंबंधित 03 नए आवेदन प्राप्त किए गए। इसके संबंध में दोनों पक्ष को आंचल प्रशासन के द्वारा नोटिस शामिल की गई जिसकी सुनवाई आने वाले बुधवार को आयोजित थाना दिवस में किया जाएगा।इस अवसर पर सीओ अनुप कच्छप ने जानकारी देते हुए कहा कि उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना दिवस मे विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा।भूमि संबंधित मामलों सभी मामलों की सुनवाई की गई और पूर्व से लंबित 16 मामलों का निपटारा किया गया एवं अन्य मामले हेतु अगली तिथि दी गई है।

## श्याम पथ गली में युवती की गला रेतकर नृशंस हत्या, इलाके में सनसनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहर के व्यवसायिक हृदयस्थली माने जाने वाली मोबाइल गली श्याम पथ में बुधवार दोपहर एक युवती की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान शहर के प्रतिष्ठित



व्यवसायी स्वर्गीय सेढू सेठ की पुत्री आशा कुमारी के रूप में हुई है। हत्या की सूचना कुछ ही देर में पूरे शहर में फैल गई और घटना चर्चा का विषय बन गई।सूचना मिलते ही सिमडेगा थाना प्रभारी एवं मुख्यालय डीएसपी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम की सहायता से जांच शुरू की गई। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू पर जांच की जा रही है।स्थानीय लोगों के अनुसार आशा कुमारी अपने घर में अकेली रहती थी। परिजन नियमित रूप से उसे बाहर से खाना देते थे, जिसे वह दरवाजा खोलकर ले लेती थी और फिर दरवाजा बंद कर लेती थी। बुधवार को जब शाम 4:00 बजे उसका दरवाजा खुला देखा गया, तो लोगों को संदेह हुआ। अंदर जाकर देखने पर वह खून से लथपथ मृत अवस्था में मिली। उसका गला धारदार हथियार से रेता गया था। घटना के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय व्यवसायी और आम नागरिक घटनास्थल पर जुट गए। लोग इस नृशंस हत्या की तीव्र निंदा और आलोचना कर रहे हैं। वहीं हत्या के पीछे के कारण और हत्यारे की पहचान को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।फिलहाल पुलिस मामले की गहन छानबीन में जुटी हुई है, परंतु अब तक हत्या के कारण और आरोपी के संबंध में कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## भू-संपदा समिति के जिला कार्यालय जल्द उपलब्ध कराए जमीन : केशव महतो

- **कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में हुआ भूमि क्रय कमिटि का गठन**
- **जोसिमा खाखा के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष का किया गया जोरदार स्वागत**
- **नक्शा पास होने के पश्चात जिला कार्यालय व भूमि पूजा की जाएगी**

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य समन्वय समिति के सदस्य केशव महतो कमलेश बुधवार को सिमडेगा पहुंचे। उनके साथ जिला पर्यवेक्षक रमा खलखो भी मौजूद थी। सिमडेगा पहुंचने पर सर्किट हाउस में जिला कमेटी एवं महिला जिला कमिटि की ओर से जोसिमा खाखा के नेतृत्व में स्वगात गान प्रस्तुत कर प्रदेश अध्यक्ष एवं रामा खालखो का जोरदार स्वागत किया गया। जोसिमा खाखा ने प्रदेश अध्यक्ष को बुके देकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने सर्किट हाउस में जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भू-सम्पदा समिति की बैठक में शामिल हुए। मौके पर विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी एवं विधायक भूषण बाडा के नेतृत्व में भूमि क्रय कमिटि का गठन किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने भू-सम्पदा समिति के पदाधिकारियों को जिला कार्यालय हेतु जल्द से जल्द सामान्य वर्ग स्वामित्व वाली जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि पहले फेज में कार्यालय हेतु ज़मीन की क्रय होगी। जबकि दूसरे फेज में ब्लू प्रिंट के साथ नक्शा पास कर घेराबंदी की जाएगी। नक्शा पास होने के पश्चात जिला कार्यालय हेतु भूमि पूजा की जाएगी। बैठक में 28 मई को संविधान बचाओ अभियान कार्यक्रम सरना स्थल फरसाबेड़ा में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जमीन क्रय हेतु जिला उपसमिति में विधायक भूषण बाडा के नेतृत्व में संतोष सिंह, विशाल तिर्की, सामरोम पौल तोपनो, थियोदर किड़ो, मनोज जायसवाल, रावेल लकड़ा एवं विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के नेतृत्व में डेविड तिर्की, जोसिमा खाखा, मो सम्मी आलम, जोनसन मिंज, प्रदीप केशरी, अमित डुंगडुंग, फ्रांसिस बिलुंग, तिलका रमण को शामिल किया गया।

# पीएम श्री जवाहर विद्यालय के छात्रों ने रचा इतिहास, सुजल और राधिका बने जिला टॉपर





**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा, जिला सिमडेगा के लिए यह अत्यंत गौरव और हर्ष का क्षण है। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं ने वर्ष 2025 की 12वीं (CBSE) कक्षा की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है।खूंटी जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय का छात्र सुजल कुमार जो मिनी माइग्रेशन योजना के तहत नवोदय विद्यालय कोलेबिरा में अध्ययनरत हैं, ने विज्ञान संकाय में 87% अंकों के साथ जिला टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं, सिमडेगा की बेटी कला संकाय की छात्रा राधिका कुमारी ने 85.2% अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। और विद्यालय, परिवार व जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय में इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उल्लास का वातावरण है। प्राचार्य प्रशांत कुमार ने दोनों विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि, यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग का समुचित परिणाम है। यह नवोदय विद्यालय कोलेबिरा की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा का प्रतीक है। प्राचार्य महोदय ने साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों तथा संबंधित सभी लोगों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने मिलकर छात्रों की इस सफलता को सराहा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि नवोदय विद्यालय कोलेबिरा के लिए प्रेरणा का स्रोत है और आने वाले वर्षों में और भी विद्यार्थियों को श्रेष्ठता की ओर अग्रसर होने का मार्ग दिखाती है।

## 10वीं की परीक्षा में सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों का शान्दार प्रदर्शन



**कुरडेग।** सक्रेड हार्ट पब्लिक स्कूल परकाला के विद्यार्थियों ने मंगलवार को सी बी एस ई बोर्ड द्वारा घोषित 10 वी कक्षा के परिणामों में शान्दार प्रदर्शन किया है । बोर्ड द्वारा घोषित परिणामों में सभी विद्यार्थी अच्छे अंको से उत्तीर्ण रहे हैं । विद्यालय के आयमन नैयर ने 88.2% , हिमांशु कुमार बरैठा 86.8% , प्रंजल सारंगी ने80.4% अंक लाकर स्कुल में प्रथम , द्वितीय एव तृतीय स्थान प्राप्त किया है । स्कूल के प्रिंसिपल मनोरंजन सिंह , निदेशक जगदीश जयसवाल एवं विज्ञान शिक्षक सुरेश राणा ने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रो के घर जाकर मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## किलेसेरा में हनुमान मंदिर का वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के किलेसेरा गाँव स्थित बजरंगबली हनुमान मंदिर का वार्षिक उत्सव इस वर्ष भी पूरी आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा उमाकांत जी महाराज की अगुवाई में भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। ग्रामीणों की भारी भागीदारी के बीच वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन और अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया।कीर्तन में किलेसेरा के साथ-साथ लेटाबेडा, बोलबा, बरघाट, ओडिशा के देवबहाल सहित आसपास के क्षेत्रों की कई कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया।तीन दिवसीय यह उत्सव बुधवार को हवन, नगर भ्रमण और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और पूजा-अर्चना की।इस आयोजन को सफल बनाने में चक्रधर महाननंदीय, मधु तिर्की, नकुल मांझी, पदमन मांझी, और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ किया जाता है।

# अंचल कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ होगी ताला बंदी

**नवीन मेल संवादउदाता। गांडेय, गिरिडीह**



गांडेय अंचल कार्यालय में पैसे के बिना कोई कार्य नहीं होता है ।कर्मचारी मनमानी ढंग से कार्य करते है ।वरीय अधिकारी का आदेश का अवहेलना करते है । प्रमुख राजकुमार पाठक ने दोपहर 12 बजे ग्रामीणों के साथ अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया तो तो देखा कि राजस्व कर्मचारी सहित कई अंचल कर्मी अनुपस्थिति पाए गए। अंचल कार्यायल की कार्यशैली देख प्रमुख राजकुमार पाठक भड़के और आक्रोशित ग्रामीणों के साथ नारे बाजी करने लगे और कहा कि कार्यशैली में सुधार नहीं लाए तो अंचल कार्यालय में ताला बंदी की जाएगी। गांडेय अंचल कार्यालय में व्याप्त अनियमितताओं और कर्मियों की लापरवाही को लेकर गुरुवार को अंचल कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी। यह तालाबंदी गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक के नेतृत्व में की जाएगी। ग्रामीणों का आरोप है कि अंचल कार्यालय में कर्मी समय पर नहीं आते, जिससे आम जनता के जरूरी कार्य अधूरे रह जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वे 20 से 30 किलोमीटर दूर से कार्यालय पहुंचते हैं, लेकिन वहां न तो कर्मी मौजूद रहते हैं और न ही कोई काम समय पर होता है। ग्रामीण सुखदेव मंडल ने बताया कि उन्होंने 2023 में ऑनलाइन खतीयानी रसीद के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अब तक रसीद निर्गत नहीं हुई है। इस तरह के अनेक मामले लंबित पड़े हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही है। प्रमुख राजकुमार पाठक ने कहा कि जनता की समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लगातार शिकायतों के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ, इसलिए अब आंदोलन आवश्यक हो गया है। मौके पर उपस्थित श्याम पाठक, पसस मोहन हाजरा,राजेश सिन्हा,मो कुतुबुद्दीन अंसारी,कन्हैया साव,सुखदेव मंडल,सहित कई मौजूद थे

## चक्रधरपुर के दुमकादा गांव के ग्रामीण नाले का गंदा पानी पीने को मजबूर

**चक्ररपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सुदूरवर्ती बंदगांव प्रखंड की टेबो पंचायत के दुमकादा गांव के ग्रामीण भीषण गर्मी में पानी की समस्या से जूझ रहे हैं. गांव के नदी, नाले सूख चुके हैं. ग्रामीण नाले का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं. बुधवार को ग्रामीणों ने बैठक कर पानी की समस्या पर अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी जताई. बैठक की अध्यक्षता सोमा हुन्नी पूर्ति ने की. ग्रामीणों ने कहा कि गांव में पानी की समस्या दूर करने के लिए एक सोलर आधारित जल मीनार की अति आवश्यकता है. डीप बोरिंग कर सोलर आधारित जल मीनार लगने पर ही पानी की समस्या दूर हो पाएगी. अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि भी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे. गर्मी से पहले ध्यान दिया जाता, तो लोगों को परेशानी नहीं होती.

## सीसीएल का सेफ्टी ऑफिसर 10 हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

सीबीआई की टीम ने बुधवार को सीसीएल के सिरका कोलियरी में छापेमारी की। सीबीआई ने 10 हजार रुपये घूस लेते हुए सीसीएल के सेफ्टी ऑफिसर राजेंद्र प्रसाद को रंगे हाथ गिरफ़्तार कर लिया है। कोलियरी के जगदीश तांती नामक कर्मचारी ने सीबीआई को लिखित शिकायत की थी। बताया जाता है कि सिरका कोलयरी में कार्यरत मैकेनिकल फिटर जगदीश तांती से इंक्वारी सेटअप करने के मामले को लेकर सेफ्टी ऑफिसर राजेंद्र प्रसाद ने 10 हजार रिश्वत की मांग की थी। वह जगदीश को उस पर लगे आरोपों से मुक्त करने के लिए घूस मांग रहा था।

## डिजिटल फ्रॉड का मामला आया सामने, फल विक्रेता से 8120 रुपए की ठगी



**बरही ।** डिजिटल दुनिया में जहां ऑनलाइन कार्य ने लोगों को सुविधा दिलाई है. वही दिन प्रतिदिन साइबर फ्रॉड के मामले बढ़े हैं. साइबर ठग हर दिन नए हथकंडे अपनाकर दुकानदारों या आमलोगों को अपना शिकार बना रहे है. ऐसा हो एक मामला बरही के धनबाद रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास ठेले पर फल बेचने वाले फल विक्रेता मिथिलेश कुमार के साथ देखा गया. फल विक्रेता के अनुसार दो युवकों ने 1120 रुपए का फल खरीदा. साथ ही 7000 रुपये नगद भी लिया. जिसे वह फोन पे के माध्यम से कुल 8120 रुपये का डिजिटल भुगतान करने की बात कही. इसी क्रम में युवकों ने मोबाइल पर फोनपे पेमेंट भेजने के झांसा दिए और पैसे भेजने की बात करते हुए तुरंत वहां से चले गए. जब दुकानदार ने अपने खाते की जांच की, तो उसे कोई भुगतान प्राप्त नहीं हुआ.काफी देर तक बाजार में तलाश करने पर भी दोनों युवक नहीं मिले. सारी घटनाएं सीसीटीवी में कैद है. यह घटना उन सभी लोगो के लिए एक सबक है जो ऑनलाइन डिजिटल लेन देन करते है. डिजिटल लेन देन करते समय सावधानियां और सतर्कता आवश्यक है.

### 10वीं परीक्षा में स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

## 95.2% अंक के साथ भूमिका बनी टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई के 10वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के 115 में सभी बच्चों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।वहीं भूमिका कुमारी 95.2% अंक लाकर विद्यालय की टॉपर रही।वही नीरज कुमार राणा 94.4% ,कृष कुमार 94%, सिम्सोंन कुमार 92.6%,प्रियदर्शनी वर्मा 92.2% ,कृष्णन्दन कुमार 90.6%,सागर कुमार् 90.2%, रजनीश पाण्डेय 90%,सृष्टि कुमारी 89.6%,विपुल कुमार वर्मा 89%,रितेश कुमार 89% ,जिया कुमरि 87.8% नीरज राणा 87%, स्वाती गुप्ता 85.6% कृष्णकान्त् कुमार 85.2%, अभिषेक कुमार 84.6% , करण कुमार 84%,सोनू कुमार 83.6% अन्कित कुमार 80.4.% परि साहू 78.2% प्राप्त किया। विद्यालय के निर्देशक आई. पी भारती ने सभी छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षण पद्धति और छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। प्राचार्य ए के अमृत भविष्य में और भी बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए सभी को प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने भी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और उनके अथक परिश्रम की सराहना की।

## आयुष्मान राशि का भुगतान नहीं होने से इलाज हुआ बंद: बटेश्वर मेहता



**बरकट्ठा।** हजारीबाग में आयुष्मान योजना से जुड़े अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत रोगियों के हुए इलाज के बाद राशि भुगतान नहीं होने पर अस्पतालों ने आयुष्मान योजना के मरीजों का इलाज बंद कर दिया है। इस वजह से गरीब और गंभीर बीमारी से जूझ रहे रोगियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। उक्त बातें झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कही। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत गरीबों को इलाज में बहुत मदद मिलती थी। लेकिन अस्पतालों को पूर्व के बकाया राशि नहीं मिली है। इस वजह से अस्पताल ने इलाज बंद कर दिया है। गंभीर बीमारी से जूझ रहे गरीब रोगियों को इलाज में परेशानी हो गई है। आगे कहा कि किडनी रोग के मरीज डायलिसिस नहीं कर पा रहे हैं। बटेश्वर मेहता ने सरकार से अस्पतालों के बकाया भुगतान करने और गरीबों का इलाज आयुष्मान योजना के तहत करने की मांग की है।

### बाल संसद गठित, परी गोस्वामी बनी प्रधानमंत्री

# लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझाना ही उद्देश्य : अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



गुप्त मतदान के माध्यम से उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरहीडीह में बाल संसद का पुनर्गठन किया गया. मतदान प्रक्रिया विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, सचिव रविंद्र कुमार अग्रवाल एवं शिक्षकों की देखरेख में संपन्न हुआ. जिसमे 26 सदस्यीय मंत्रीमंडल का गठन किया गया. इस मतदान में अध्यक्ष प्रिंस कुमार, उपाध्यक्ष प्रिंसी कुमारी, प्रधानमंत्री परी गोस्वामी, उप प्रधानमंत्री अनिकेत कुमार, शिक्षा मंत्री मारिया कुमारी, उप शिक्षा मंत्री आदर्श कुमार केसरी, खेल मंत्री जानवी कुमारी, उप खेल मंत्री चंदन कुमार, स्वास्थ्य मंत्री रिष्टा कुमारी, उप स्वास्थ्य मंत्री सुशांत कुमार,रक्षा मंत्री पायल कुमारी, उप रक्षा मंत्री आर्यन कुमार, पोषण मंत्री लक्ष्मी कुमारी, उप पोषण मंत्री आयुष कुमार, उपस्थिती मंत्री नियति कुमारी, उप उपस्थिती मंत्री राधे कुमार, कौशल विकास मंत्री अनिशा कुमारी, उप कौशल मंत्री सोनू कुमार, पर्यावरण मंत्री पलक कुमारी, उप पर्यावरण मंत्री आर्यन कुमार ठाकुर, स्वच्छता मंत्री आंचल कुमारी, उप स्वच्छता मंत्री अंकित कुमार, सूचना मंत्री सृष्टि कुमारी, उप सूचना मंत्री हिमांशु पांडे, छात्रवृत्ति मंत्री श्रुति कुमारी, उप छात्रवृत्ति मंत्री अंशु कुमार का चयन किया गया. सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रधानाध्यापक श्री अग्रवाल ने उनके अधिकार व कर्तव्य की जानकारी दी. सहायक अध्यापक अजय प्रजापति ने बाल संसद के उद्देश्यों को बताते हुए सभी को उनकी महत्ता से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि शिक्षक की कमी की स्थिति में बाल संसद के सदस्य अपने वर्ग कक्ष में बच्चों को अनुशासित रहते हुए अध्ययन कराने में उन्हें सहयोग करेंगे. इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय भवन, परिसर तथा संपत्ति को साफ व सुरक्षित रखने में बाल संसद की भूमिका पर चर्चा किया. अध्यक्ष श्री सिंह ने भीं बाल संसद की उपयोगिता को बताते हुए सभी मंत्रियों को निष्ठा पूर्वक अपनी जिम्मेवारी निभाने की बात कही. बाल संसद गठन करने का मुख्य उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से बच्चो को अवगत करवाना है. अंत में सभी नवचयनित मंत्रियों को पद वा व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई. मौके पर विद्यालय के शिक्षकों द्वारा सभी चयनित बच्चों को सम्मानित किया गया. बाल संसद गठन का नेतृत्व विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं कंचन कुमारी, सोनमती कुमारी, रानी खातून ,आशा कुमारी, शहनाज खातून ,दिनेश कुमार रविदास, लालमणि सिंह, मनोज ठाकुर, शशि किशोर ने किया. मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

## साइबर अपराध के अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाया



**डुमरी।** साइबर थाना कांड संख्या 19/24 दिनांक 16/ 4/2024 धारा 354(सी)/354(डी)/509 आईपीसी एवं 67/67 एआईटी एक्ट तथा 12 पॉक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त अब्दुल रउफ पिता कयूम अंसारी ग्राम गानोडीह थाना डुमरी के विरुद्ध कोर्ट से निर्गत इश्तहार को अभियुक्त के घर एवं गानोडीह में बुधवार को विधिवत तमिला कर चिपकाया गया है। तमिला करने वाले पुलिस पदाधिकारी में पुलिस निरीक्षक डुमरी अंचल राजेंद्र प्रसाद महतो पुअनि गोपाल कृष्ण डुमरी थाना आरक्षी राजेश कुमार डुमरी थाना और हवलदार बैगो जामदा शामिल थे जबकि नगाड़ा बजाने वालों में सुरेश तुरी एवं भुवनेश्वर तुरी था। पुलिस ने इश्तेहार को अभियुक्त के घर गानोडीह पर एवं अभियुक्त के घर के पास मोड़ पर एवं गानोडीह चौक पर चिपकाया।इस दौरान ग्रामीण शाहिद अंसारी एवं अमरूद्दीन अंसारी चौकीदार इशाक अंसारी एवं कुदूश अंसारी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर हुआ है : पुटूस



**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सामरिक नीति पहले से कहीं अधिक सशक्त, निर्णायक और आत्मनिर्भर बना है। बावजूद इसके, हाल के दिनों में कुछ राजनीतिक दल और उनके समर्थक सीमा पर हुए सीजफायर को लेकर जिस प्रकार से भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, वह न केवल देश की सुरक्षा नीति को लेकर लोगों में असमंजस फैलाने का कुत्सित प्रयास है, बल्कि इससे हमारी सेना के मनोबल पर भी कुठाराघात होता है। भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने इस विषय पर अपनी गहरी चिंता प्रकट करते हुए कहा कि सीजफायर कोई 'समर्पण' नहीं, बल्कि एक रणनीतिक विराम होता है। मोदी सरकार की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह दुश्मन से न तो डरती है और न ही दबाव में आती है। सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक साहसिक सैन्य प्रतिक्रिया—ये सब उदाहरण हैं कि जब बात भारत की अखंडता और स्वाभिमान की आती है, तो मोदी सरकार निर्णायक कदम उठाने से पीछे नहीं हटती। उन्होंने यह भी कहा कि सीजफायर का उद्देश्य केवल गोलीबारी रोकना नहीं, बल्कि सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लाखों नागरिकों को राहत देना और सेना को पुनः संगठित करने का अवसर देना होता है।

## सड़क दुर्घटना में जविप्र वाहन के चालक व खलासी की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है




**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के केबी रोड के पास मंगलवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में जविप्र का अनाज ले जाने वाले वाहन के चालक एवं खलासी की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को जब्त कर थाना ले गयी और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए बुधवार को गिरिडीह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि डोर स्टेप डिलीवरी वाहन उत्तराखंड से डुमरी की ओर लौट रहा था इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन द्वारा चकमा दे दिया जिससे डोर स्टेप डिलीवरी की वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे खाई में जा गिरा।घटना में वाहन चालक जयलाल महतो (50) ग्राम खैरागढ़हा और खलासी जामतारा निवासी असगर अंसारी (56) की घटना स्थल ही मौत हो गई।

## आईजी ने किया क्षेत्रीय दौरा, जवानों को दी विशेष ब्रीफिंग

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल गतिविधियों की वर्तमान स्थिति और जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा के लिए आईजी अखिलेश झा ने 13 और 14 मई को क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिला मुख्यालय चाईबासा में आयोजित समीक्षा बैठक में मनोज रतन चौथे, भा.पु.से., पुलिस उप-महानिरीक्षक, सिंहभूम (कोल्हान) क्षेत्र, चाईबासा; आशुतोष शेखर, पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा; पारस राणा, अपर पुलिस अधीक्षक, चतरा (प्रतिनियुक्ति पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा) सहित सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक उपस्थित थे।

# तिलैया डैम में गिरा बोलेरो, दो की मौत व दो घायल, एक रेफर

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



शादी के घृतढारी में शरीक होकर बरही से तिलैया लौट रही बोलेरो संख्या 24BH 7398A जवाहर घाट स्थित तिलैया डैम में लगभग 30 फीट नीचे जा गिरी. घटना बुधवार की अहले सुबह करीब 4 बजे की बताई जा रही है. इस दुर्घटना में बोलेरो में सवार गौशाला रोड झुमरितिलैया के फल विक्रेता राहुल सोनकर पिता राजेंद्र सोनकर और उसका दोस्त स्टेशन रोड हनुमान मंदिर अड़ी बंगला निवासी दिलीप रवानी के पुत्र आशीष कुमार की दम घुटने से पानी के अंदर बोलेरो में ही मौत हो गई है. वहीं बोलेरो में सवार फल विक्रेता का मुंशी सौरभ कुमार पिता स्व विनोद यादव व ड्राइवर संदीप शर्मा पिता सुधीर शर्मा बोलेरो का शीशा तोड़कर बाहर आया और अपनी जान बचाई. किसी प्रकार ऑटो से घर जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दिया. घायलों को कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया. इसमें सौरभ को गंभीरावस्था में रिम्स रेफर किया गया जबकि संदीप को प्राथमिक इलाज के बाद छोड़ दिया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार बोलेरो में कुल चार लोग सवार थे. जो बरही से कोडरमा लौट रहे थे. इसी क्रम में तेज गति से चल रही बोलरो तिलैया डैम पुल के पास एक ट्रक से चकमा खा गई और रेलिंग को तोड़ते हुए डैम में गिर पड़ी. घटना की जानकारी होते ही एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल सहित स्थानीय थाना के एसआई शिवम गुप्ता आदि दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया. चैया से गोताखोर बुलाकर मृतक के शव को निकलवाने का प्रयास किया. जिसमें राहुल सोनकर के शव की बरामदगी हुई जिसे अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौप दिया गया.

## रिकवा गांव में मंडा पूजा धूमधाम से मनाया गया

**गिद्दी।** रिकवा गांव में रविवार की रात्रि में मंडा पूजा धूमधाम से मनाया गया। इस पूजा अर्चना में 120 भोक्ता और 120 सोक्ताइनों ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम में ग्रामीणों ने उपवास रखा और लोटन सेवा किया।

## बड़काचुंबा में बैक के मिनी ब्रांच का उद्घाटन

**गिद्दी।** बड़काचुंबा में मंगलवार को रंजीत कम्युनिकेशन और पीएनबी कुजू के मिनी ब्रांच का उद्घाटन किया गया। बड़काचुंबा पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद और बैंक के कैशियर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद मुखिया ने कहा इस मिनी ब्रांच के खुलने से गांव के लोगों को पैसा लेन देन करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर पंसस मनोज महतो उपस्थित थे।

## टाटा स्टील के इस्टेट आफिसर अनुज कुमार का तबादला

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील, जमशेदपुर में इस्टेट आफिसर के पद पर लंबे समय तक कार्यरत अनुज कुमार सिंह का तबादला टाटा स्टील के मेरामंडली प्लांट (अधिग्रहित भूषण स्टील) में किया गया है. उन्हें मेरामंडली प्लांट में एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर पदस्थापित किया गया है. टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने उन्हें विदाई दी. यूनियन के सहायक सचिव नितेश राज के नेतृत्व में सदस्यों ने शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता भेंटकर उन्हें सम्मानित किया. साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की.

# स्कूल मैदान में ट्रांसफॉर्मर का खुला बॉक्स दे रहा दुर्घटना को आमंत्रण

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**



बाधित बिजली को दुरुस्त रखने के लिए हर मुहल्ले में ट्रांसफॉर्मर लगाए गए हैं। कहीं एक तो कहीं दो ट्रांसफॉर्मर लगे हैं । उनकी निगरानी नहीं की जा रही है। कई मुहल्लों में ट्रांसफार्मर में नीचे का बॉक्स खुला पड़ा हुआ है। यह हादसे की वजह बन सकता है। खुले बॉक्स में भी बिजली का तार होता है जिसमें करंट प्रवाहित होते रहता है। बॉक्स खुला होने के कारण कोई बच्चा या जानवर इसकी चपेट में आ कर झुलस सकता है। तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित मिशन मध्य विद्यालय मैदान में छह माह से उतरी और पश्चिमी छोर पर दो ट्रांसफॉर्मर में लगा बॉक्स खुला हुआ है, तिसरी भंडारी रोड में स्थित माइका कंपनी छठ घाट किनारे और भुराई मध्य विद्यालय के समीप भी ट्रांसफार्मर में लगा बॉक्स खुला है जो दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। मिशन मध्य विद्यालय मैदान स्थित ट्रांसफार्मर को स्कूली कई बच्चे नजदीक से खड़ा होकर देख रहे थे । पूछे जाने पर बताया बॉक्स से आग निकल रहा है । जो आग नहीं बल्कि तार स्पार्क कर रहा था । मिशन मध्य विद्यालय तिसरी के प्रधानाध्यापिका मोनिका हेंब्रम ने कहा बिजली व्यवस्था की दृष्टिकोण से विद्यालय मैदान में लगा ट्रांसफार्मर सही है ।परंतु बिजली दुरुस्त करने के बाद ट्रांसफार्मर का बॉक्स मिस्त्री द्वारा खुला छोड़ दिया जाता है जो गलत है । बिजली बनाने के बॉक्स बंद किया जाना चाहिए । उन्होंने विद्युत विभाग और बिजली मिस्त्री से आग्रह किया है कि बिजली बनाने के बाद बॉक्स को बंद कर दे ।अन्यथा कभी भी बड़ी घटना होने की आशंका बना रहेगा । इस संबंध में विद्युत कार्यालय तिसरी के बिजली मिस्त्री महताब अंसारी ने बताया बिजली दुरुस्त करने के बाद मिस्त्री द्वारा ट्रांसफार्मर बॉक्स बंद कर दिया जाता है । किसी कारण बॉक्स खुला रह गया या खुल गया तो मिस्त्री भेजकर बॉक्स बंद करा दीया जाएगा ।

### पुलिस के हत्थे चढ़े दो अफीम तस्कर

# सवा चार किलो अफीम समेत एक लाख 10 हजार बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

बुधवार को जिले के एसपी अरविंद कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को रात गुप्त सूचना कि मंडईखूर्द से सियारी चौक के तरफ जाने वाले मार्ग में शमसान घाट के पास अफीम की खरीब बिक्री करने के लिए कुछ लोग बाइक से आ रहे है। आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। चेकिंग के दौरान बाइक संख्या जेएच 01इजी 3483 के चालक जितेन्द्र कुमार पास से 1.215 किग्रा अफीम तथा दूसरे मोटरसाइकिल जेएच 01 एफएम 9129 के चालक हलधर मुण्डा के पास से नकद एक लाख दस हजार रूपया पाया गया। पकड़ाये इन दोनो व्यक्तियों की निशानदेही पर लोहसिंघना थानान्तर्गत उतरी शिवपुरी मुहल्ला में एक भाड़े के मकान में 4.180 किग्रा अफीम तथा अफीम में मिक्स करने वाला लठा 10.200 किग्रा बरामद किया गया है।इस दौरान 5.395 किग्रा अफीम,10.280 किग्रा लठा,03 मोबाईल फोन 1लाख 10 हजार नगद रूपये,दो बाइक और एक वेट मशीन बरामद किया गया।


**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद, रामगढ़**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :– *RE-02, ZP/RAMGARH/14/2024-25*

कार्य की विस्तृत विवरणी :–

मद – *DMFT*

| क्र. | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य (रु०) | कार्य पुर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पतरातू | पंचायत बारीडीह ग्राम–जोबो से लोवाडीह करमा टोला राजेश बेदिया के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण। *PHASE - II* | 9826200 | 197000 | 10000 | 06 (छः) माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– दिनांक 17.05.2025
2. ई–निविदा डालने / प्राप्ति की तिथि एवं समय– दिनांक 17.05.2025 से दिनांक 23.05.2025 अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– दिनांक 24.05.2025 को अपराह्न 4:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता– जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।
5. ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं०– 9801557645
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल *Online mode* द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते मे अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है। तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
8. निविदा Double Bid पद्धति से होगा।
9. इस निविदा में जिला परिषद, रामगढ़ के अंतर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, रामगढ़

PR 352362 District(25-26).D

